
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 327 | ग्वालियर , 21 सितम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### स्पाइसजेट का विमान एहतियातन कोलकाता हवाईअड्डे पर उतरा



**कोलकाता।** स्पाइसजेट के एक विमान की खिड़की के शीशे में दरार का पता चलने के बाद बुधवार को एहतियातन नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतारा गया। विमान में 176 यात्री और छह केबिन क्रू सवार थे। विमान की सुरक्षित लैंडिंग की गई। हालांकि, अचानक हुए घटनाक्रम से यात्रियों में घबराहट पैदा हो गई थी। फ्लाइट एसजी-515 ने बुधवार सुबह 6.17 बजे कोलकाता एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरी। हालांकि, इस बीच हवा में केबिन-क्रू को विमान की खिड़की के शीशे में दरार नजर आई। केबिन-क्रू ने इसकी जानकारी तुरंत पायलट को दी। इसके बाद बिना कोई जोखिम उठाए नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के हवाई-ट्रैफिक नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क किया और वहां इमरजेंसी लैंडिंग करने की अनुमति मांगी। अनुमति मिलने पर पायलट विमान को वापस कोलकाता ले गया और वहां लैंडिंग कराई। यात्री सुरक्षित उतर गए और जरूरी मरम्मत कार्य किया गया।

### यूपी में प्रेम प्रसंग का मामला बिगड़ा, डबल मर्डर से सनसनी




**अंबेडकर नगर (यूपी)।** अंबेडकर नगर जिले के झंझवा गांव में मंगलवार की रात एक प्रेम संबंध ने क्रूर मोड़ ले लिया। यहां पर एक व्यक्ति (प्रेमी) को लड़की के कमरे में पकड़ लिया गया। इसके बाद दो लोगों की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि लड़की के दादा ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया। व्यक्ति की पहचान आसिफ के रूप में हुई। आसिफ ने प्रतिशोध में वृद्ध व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी। आयशा नाम की लड़की के माता-पिता पर भी आसिफ ने हमला किया, यहां तक कि उसने अपनी प्रेमिका पर भी हमला किया। चीख-पुकार सुनकर वहां भीड़ जमा हो गई और आसिफ को पकड़ लिया। भीड़ ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आसिफ आयशा के दादा के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि, आयशा के घायल माता-पिता को इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। किसी भी घटना को रोकने के लिए गांव में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

### यूपी में ऑफिसर डेस्क सिस्टम से सचिवालय के कार्यों को मिलेगी नयी रफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सचिवालय के कार्यों में तेजी लाने, समयबद्ध निस्तारण और पारदर्शिता के लिए विभागों में सचिवालय डेस्क ऑफिसर प्रणाली लागू करने का निर्णय किया है। इससे जहां फाइलों का तेज निस्तारण होगा, वहीं भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। सरकार की योजनाओं को भी बिना देरी लागू किया जा सकेगा। इसका सीधा फायदा प्रदेश की जनता को मिलेगा। दरअसल, मोदी सरकार के 40 मंत्रालयों में 623 डेस्क इकाई स्थापित की गयी है। डेस्क ऑफिसर प्रणाली के तहत एक अनु सचिव या वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी डेस्क से जुड़ी जिम्मेदारियों की प्रकृति के आधार पर डेस्क अधिकारी के रूप में कार्य करता है। यूपी सचिवालय में लागू की जा रही डेस्क ऑफिसर प्रणाली का उद्?देश्य सचिवालय स्तर पर विभागों में नियामक कार्यो का त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण है। यह प्रणाली ऑफिसर ओरिएंटेड है। इसके जरिये सचिवालय स्तर पर स्थित विभागों में अनुभागों के माध्यम से उच्चाधिकारियों तक पत्रावली प्रस्तुतिकरण के दौरान त्वरित कार्य निस्तारण में विलम्ब की संभावना को समाप्त करना है। ऐसे में सचिवालय स्तर पर विभागों में नियामक कार्यों (रेग्युलेटरी वर्क) के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए सचिवालय स्तर पर स्थित विभागों में एक-एक डेस्क इकाई गठित की जाएगी। इसके लिए विभागों से सुझाव मांगे गये थे। सचिवालय के बीस विभागों ने विभाग में डेस्क ऑफिसर प्रणाली लागू करने पर सहमति दी, जहां इसे जल्द लागू कर दिया जाएगा। सरकार के अनुसार सचिवालय स्तर के विभाग में डेस्क ऑफिसर प्रणाली के तहत हर डेस्क इकाई में एक विशेष सचिव, संयुक्त सचिव, निजी सचिव और अपर निजी सचिव की तैनाती की जाएगी।

## राहुल गांधी ने संसद पहुंचने की बताई वजह

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने संसद के निचले सदन में महिला आरक्षण बिल 2023 पेश किया है. लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पर चर्चा चल रही है. इस विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष के साथ विपक्षी दलों के नेता अपने अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं. इसी क्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधीबुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में बोलेंगे. राहुल गांधी ने कहा कि मैं संसद में बोलूंगा और इसीलिए यहां आया हूं.

महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हम सब इसका समर्थन करते हैं. समर्थन करने के साथ-साथ सुझाव देना हमारा फर्ज़ बनता है. किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया है. कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने राजस्थान में कहा कि बीजेपी मुद्दों से भटकाने की



कोशिश करती है. लोगों को गुमराह करने के लिए तरह-तरह के मुद्दे उठाती है ताकि वे सवाल न पूछ सकें. अभी वे महिला आरक्षण बिल लाए हैं इसमें संशोधन करने की क्या जरूरत थी? जो बिल हमने पहले राज्यसभा में पास करवाया था उसे पास करवाते. ये अब 6 साल बाद लागू किया जाएगा. पहले जनगणना होगी, फिर परिसीमन होगा और फिर कानून लागू होगा. अगर उनकी मंशा साफ होती तो वे अभी ही ऐसा कर सकते थे. महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि परिसीमन के बिना क्या ये बल पारित कर देंगे? हम तैयार हैं. जनगणना और परिसीमन की बात तो आपने की है. हम तो पहले से ही तैयार हैं. हम हमेशा से ही इसके लिए तैयार थे, चाहे हम सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में... ये इसे इसलिए लागू नहीं कर रहे क्योंकि इन्हें मालूम है कि इन्हें यह 2029 में भी नहीं करना. यह तो 2024 के लिए है. महिला आरक्षण बिल पर ज्ञस्र्ष्ट सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि विपक्ष बिलकुल साथ है. इस बिल के लिए सबसे पहले हमारी नेता ममता बनर्जी ने आवाज उठाई थी. यह बिल देर से आया है, लेकिन दुरुस्त आया है. इसमें पेंच बहुत हैं इसलिए बहुत अधिक समर्थन देते हुए भी कुछ लोग बहुत उत्साहित नहीं है और जिस तरह से हम चाह रहे थे उस तरह से भी नहीं आ रहा है.

## जमशेदपुर में चिकित्सक पर हमले के खिलाफ मेडिकल कॉलेज में ओपीडी ठप

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एक डॉक्टर की पिटाई की घटना के विरोध में बुधवार को दूसरे दिन भी ओपीडी सेवा ठप रही। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का एक बड़ा समूह दो दिन से धरने पर बैठा है। आईएमए ने आंदोलित डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को समर्थन देते हुए ऐलान किया है कि गुरुवार तक डॉक्टर पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हॉस्पिटल की इमरजेंसी सेवा भी ठप करा दी जाएगी। इस बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घटना को लेकर जमशेदपुर के एसएसपी से फोन पर बात की है और उनसे डॉक्टर पर हमले के मामले में त्वरित कार्रवाई करने को कहा है। आंदोलित डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ हमलावर की गिरफ्तारी के अलावा मेडिकल



प्रोटेक्शन एक्ट लागू करके अस्पताल में सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग कर रहे हैं। दो दिनों से ओपीडी सेवा ठप रहने की वजह से अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दूरदराज से आने वाले मरीजों का बुरा हाल है। बता दें सोमवार की रात एक बच्ची की इलाज के क्रम में मौत के बाद ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टर की मरीज के परिजनों ने बेरहमी से पिटाई कर दी थी। हमले में डॉक्टर बुरी तरह से घायल हुए थे। इसी के विरोध में मंगलवार से एमजीएम अस्पताल के जूनियर डॉक्टर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। एमजीएम अस्पताल कोल्हान का इकलौता सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है, जहां औसतन हर दिन एक हजार से भी ज्यादा मरीज पहुंचते हैं। इन दिनों डेंगू एवं मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ा है। ऐसे में एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर के आंदोलन से चले जाने से स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से चरमरा गई है।



### महिला आरक्षण बिल पर आज शाम 6 बजे लोकसभा में बोंले अमित शाह

**नई दिल्ली।** संसद सत्र का आज तीसरा दिन है. सत्र के दूसरे दिन यानी मंगलवार को सरकार ने संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश कर दिया. कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने भारी शोर-शराबे के बीच संविधान ( 128वां संशोधन ) बिल, 2023 पेश किया. इसके साथ ही देश के नए संसद भवन में पेश होने वाला यह पहला बिल बन गया. आपको बता दें कि यह बिल राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने से ताल्लुक रखता है. इस बिल पर आज लोकसभा में चर्चा होनी हैं. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी बहस की शुरुआत करेंगी.

16¬51 महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि परिसीमन के बिना क्या ये बिल पारित कर देंगे? हम तैयार हैं. जनगणना और परिसीमन की बात तो आपने की है. हम तो पहले से ही तैयार हैं...हम हमेशा से ही इसके लिए तैयार थे, चाहे हम सत्ता पक्ष में हो या विपक्ष में... ये इसे इसलिए लागू नहीं कर रहे क्योंकि इन्हें मालूम है कि इन्हें यह 2029 में भी नहीं करना। यह तो 2024 के लिए है. 16¬48 महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हम सब इसका समर्थन करते हैं. समर्थन करने के साथ-साथ सुझाव देना हमारा फर्ज़ बनता है...किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया है.महिला आरक्षण बिल पर ज्ञस्र्ष्ट सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि विपक्ष बिलकुल साथ है... इस बिल के लिए सबसे पहले हमारी नेता ममता बनर्जी ने आवाज उठाई थी... यह बिल देर से आया है लेकिन दुरुस्त आया है... इसमें पेंच बहुत हैं इसलिए बहुत अधिक समर्थन देते हुए भी कुछ लोग बहुत उत्साहित नहीं है और जिस तरह से हम चाह रहे थे उस तरह से भी नहीं आ रहा है.÷

## धनबाद में मुस्लिम पंचायतों की कमेटी ने परिवार के सामाजिक बहिष्कार का किया ऐलान

**धनबाद।** धनबाद के पुटकी में मुस्लिम समाज की 16 पंचायतों की कमेटी ने एक परिवार के सामाजिक बहिष्कार का फरमान जारी किया है। इस फरमान को लेकर इलाके में बाकायदा लाउडस्पीकर के जरिए मुनादी भी की गई है। जिस परिवार के बहिष्कार की मुनादी की गई है, वह पुटकी के तीन नंबर इलाके में रहता है। परिवार के मुखिया का नाम फारुख अंसारी उर्फ फिदा हुसैन है। मुस्लिम पंचायतों की कमेटी ने कहा है कि उनके पूरे परिवार से अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह का संपर्क रखता है, उनसे बात करता है तो उस पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। मुस्लिम कमेटी के लोगों ने इस परिवार में निकाह से मैयत तक उनके घर में शामिल नहीं होने की घोषणा की है। बहिष्कार झेल रहे परिवार ने पुलिस में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। मुस्लिम पंचायतों की कमेटी का कहना है कि फारुख अंसारी उर्फ फिदा हुसैन ने अपने भाई और उनके परिवार को वाजिब हक से वंचित रखा है। फारुख अंसारी का परिवार आठ कमरे के मकान में रहता है, जबकि उसने अपने सगे भाई बशीर अंसारी के परिवार को मात्र एक कमरा दिया है, जिसमें शौचालय तक नहीं है। बशीर अंसारी की दो जवान बेटियां हैं। उनके शौचालय के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगा दी है। कई बार कमेटी में बुलाकर समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, उसने कमेटी की बात नहीं मानी। अंत में बैठक कर सर्वसम्मति से उनके सामाजिक बहिष्कार का फैसला किया गया है। इस मामले को धनबाद के पत्रकारों ने झारखंड के अल्पसंख्यक विभाग के मंत्री हफीजुल हसन के संज्ञान



में लाया तो उन्होंने कहा है कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है। फिर भी जैसा कि बताया जा रहा है, अगर एक भाई का परिवार आठ कमरे के मकान में रहता है और दूसरे भाई के परिवार के पास मात्र एक कमरा है तो उसके खिलाफ समाज द्वारा लिया गया यह फैसला सही है। ऐसे मामलों में कानून से ज्यादा समाज के नियमों से ही सुधार हो सकता है। बहिष्कार झेल रहे मो. फारुख ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि सारी संपत्ति उन्होंने अपनी कमाई से अर्जित की है।

### कनाडा और भारत ने एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिक निष्कासित किए

**बीजिंग।** इस साल जून में कनाडा में सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई। लेकिन, मंगलवार को कनाडा सरकार ने भारत के इस मामले में शामिल होने की आशंका जताई। इस आरोप से कनाडा और भारत के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। कनाडा और भारत ने क्रमशः एक दूसरे के वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित करने की घोषणा की।

### राइफल साफ करने के दौरान दो होम गार्ड जवान घायल

**पटना।** बिहार के बेतिया शहर में बुधवार को अपनी राइफल साफ करते समय दो होम गार्ड गोली लगने से घायल हो गए। पीडितों की पहचान दीन बंधु यादव और सुरेश प्रसाद के रूप में की गई है। उनके पैरों में चोटें आई हैं और उन्हें बेतिया के जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पीड़ति बेतिया में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में तैनात थे। बेतिया पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, राइफल साफ कर रहे होम गार्ड के जवानों में से एक ने गलती से गोली चला दी, जो दो होम गार्ड के पैर में जा लगी। उन्हें जीएमसीएच ले जाया गया और उनका इलाज चल रहा है। कथित होम गार्ड को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।



## स्मृति ईरानी ने सोनिया गांधी को दिया जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने नए संसद भवन में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) पेश किया है. लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा चल रही है. सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष दलों ने इस बिल को अपना बताया. दोनों ओर से अपने अपने विचार व्यक्त किए जा रहे हैं. नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को जवाब दिया है. केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण बिल पर कहा कि जब यह बिल लाया गया तो कुछ लोगों ने कहा कि यह ÷हमारा बिल÷ है. प्रस्तावित बिल के एक लेख में यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा था कि ÷तीसरे आम चुनाव में स्ष्ट/स्ज्ञ की महिलाओं के लिए कोई सीट आरक्षित नहीं होगी, लेकिन इस सरकार द्वारा लाया गया बिल इस बिल के लागू होने के 15 साल बाद तक महिलाओं को आरक्षण की गारंटी देता है. महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी



ने लोकसभा में कहा कि हमने महिलाओं को गिनने लायक बना दिया है और अब समय आ गया है कि आप आगे आएं, और अपने शब्दों को केवल कागजों या भाषण तक ही सीमित न रखें, बल्कि कार्रवाई के साथ बोलें और नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन करें. महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस संसदीय दल की चीफ सोनिया गांधी ने कहा कि मेरे जीवन का यह एक भावनात्मक क्षण है. राजीव गांधी द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में पहली बार महिलाओं का प्रतिनिधित्व तय करने के लिए संवैधानिक संशोधन लाया गया था, लेकिन राज्यसभा में 7 मतदान के चलते विधेयक पारित नहीं हो पाया था. इसके बाद कांग्रेस सरकार ने पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में इसे राज्यसभा में पास कर दिया. देश भर में स्थानीय निकाय चुनावों के माध्यम से हमारे पास 15 लाख निर्वाचित महिला नेता हैं. राजीव गांधी का सपना अभी सिर्फ आंशिक रूप से पूरा हुआ है. यह इस बिल के पास होने के बाद उनका सपना पूरा हो जाएगा.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही बहनों का सम्मान हो सकता है : विभा अवस्थी

**केंद्र में जब भी केंद्र में जब से भाजपा की सरकार बैठी है महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं बनी एवं महिला बहनों का सम्मान बड़ा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण कानून लाने के लिए प्रधानमंत्री जी को कोटि-कोटि धन्यवाद**

पुष्पांजली टुडे

रायपुर। महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी जी ने 33त्न महिला आरक्षण के लिए प्रस्तुत किए गए ÷नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023÷ पर केंद्र की मोदी सरकार को धन्यवाद दिया। विभा अवस्थी ने कहा कि 19 सितंबर का यह दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। नए संसद भवन में प्रवेश के साथ ही भारत की महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में यह बिल निर्णायक साबित होगा। इस विधेयक के फायदे गिनाते हुए कहा कि यह बिल देश की आधी आबादी को कानून बनाने में भागीदार बनायेगी। उन्हे राजनीति में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी एवं अधिकार आधारित राजनीतिक सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगा। विभा अवस्थी ने कहा भाजपा जब से सत्ता में आई है नारीशक्ति के समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व का ध्यान रखते आई है। ह्लङ्क- 2 कार्यकाल में सर्वाधिक महिला सांसद निर्वाचित होकर सदन में आई। 2021 में रिकॉर्ड 11 महिलाओं को केबिनेट और राज्यमंत्री का दर्जा देकर इतिहास रचा गया। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाले एनडीए सरकार में हम गर्व से कह सकते है कि महामहिम राष्ट्रपति से लेकर अब राज्य और संसद की 33त्न सीटें मातृशक्तियों के गूंज से सुशोभित होगी। आजादी के अमृतकाल में जब भारत विकसित राष्ट्र बन, दुनिया का नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ रहा है ऐसे समय में भारत की आधी आबादी, भारत की बेटियों को 33त्न राजनीतिक प्रतिनिधित्व का आधिकार हेतु बिल लाना केवल मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच में ही संभव है।




विभा अवस्थी ने राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन, देश की महिला केबिनेट मंत्रियों और इसके प्रयास और पहल करने वाले प्रत्येक सांसद को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक तरफ विकसित देशों को जहां महिलाओं को मताधिकार देने मात्र के लिए सकड़ों साल लग गए वही भारत में आजादी के महज 75वें वर्ष में 33त्न आरक्षण का आधिकार ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा मोदी सरकार के इस बिल की जितनी तारीफ की जाय कम है। महिलाएं भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया इतिहास रचेंगी एवं नव राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे यह संभल आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने देश के समस्त बहनों को नारी शक्ति को दिया है

# मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमे खारिज होने से कांग्रेस बेनकाबः डॉ. रमन

**छत्तीसगढ़ में अपराधियों की सरकार चल रही है, महिला आरक्षण मील का पत्थर, नारी शक्ति को बधाई**

पुष्पांजली टुडे

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज यहां अपने निवास पर पत्र वार्ता में कहा कि उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में मेरे खिलाफ कांग्रेस की फर्जी एफआईआर को खारिज करने तथा सभी मामले समाप्त करने का फैसला दिया है। यह छत्तीसगढ़ के हालात हैं। यह सरकार अपराधी चला रहे हैं। सरकार के जितने करीबी अधिकारी हैं या तो वे जेल में हैं या बेल में हैं। कोल घोटाला में इनके वरिष्ठ अधिकारी 7 माह से जेल में हैं। मुख्यमंत्री के सलाहकार करोड़ों अरबों के सट्टे के मामले में जांच के दायरे में हैं।खुद मुख्यमंत्री बेल पर हैं। यह अपराधियों की सरकार है। यह एफआईआर का उपयोग हथियार की तरह करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दरअसल बात शुरू होती है मेरे सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट को लेकर। वह जो पोस्ट था, उसमें मैंने कोरोना संकट के समय कांग्रेस की राजनीति पर पोस्ट किया था कि कांग्रेस की बिलो द बेल्ट राजनीति देखकर शर्म आती है विदेशी मीडिया में देश को बदनाम करने कांग्रेस कुम्भ का दुष्प्रचार व जलती लाशों की फोटो दिखाने का षड्यंत्र कर रही है। कांग्रेस महामारी के साथ लड़ने के बजाए लोगों को आपस में लड़ा रही है। विदेशी मीडिया में मोदी सरकार को बदनाम करने का षड्यंत्र कांग्रेस ने किया था, उसे एक्सपोज करने का काम मैंने किया था। हमारे साथी संबित पात्रा और मेरे खिलाफ कांग्रेस के लोगों ने एफआईआर की। यह उनकी मानसिकता है। उनके काले कारनामे के खिलाफ कोई कुछ भी बोले तो एफआईआर दर्ज करके अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने का प्रयास करते हैं। यह सारे मामले जब न्यायालय तक पहुंचाते हैं तो क्या हश्र होता हैड़ एक बार फिर कांग्रेस के काले कारनामे के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। न्यायालय ने फर्जी एफआईआर को निरस्त कर दिया। यह बहुत महत्वपूर्ण फैसला है। यह एक सबक है। कोई सरकार सत्ता का किस प्रकार दुरुपयोग करने के लिए विरोधियों को दबाने का षड्यंत्र करती है, इसका इससे बड़ा उदाहरण कोई और नहीं होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दूसरा फैसला पीएससी के मामले में है। हाई कोर्ट ने न केवल कांग्रेस सरकार को फटकार लगाई बल्कि पीएससी अध्यक्ष के रिश्तेदारों की नियुक्ति पर रोक लगा दी। पीएससी पारदर्शी प्रक्रिया में असफल रही है। छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं के भविष्य की बात है। आज स्पष्ट रूप से न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त की। सरकार ने भ्रष्टाचार में पीएससी को भी नहीं छोड़ा। पैसों से पैसों का लेनदेन किया गया। अधिकारियों का षड्यंत्र रहा। आश्चर्य होता है कि पीएससी अध्यक्ष के कई सारे रिश्तेदार का चयन डिप्टी कलेक्टर डीएसपी के पद पर होता है। यह छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाला कारनामा है। लाखों युवाओं के मन में संतोष हुआ होगा। आज न्यायालय ने साफ कर दिया कि इस तरह की प्रक्रिया नहीं चल सकती। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने महिला आरक्षण बिल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिला आरक्षण बिल को संसद में पेश कर दिया है। मुझे लगता है कि नए संसद भवन में प्रवेश के साथ नए संकल्प और सोच के साथ ऐसा फैसला हुआ है। यह 9 साल के कार्यकाल का माइल स्टोन बनने जा रहा है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला हो रहा है। यह महिलाओं की भागीदारी के लिए क्रांतिकारी कदम है। मैं बधाई देना चाहता हूं। यह बहुत बड़ा फैसला है और महिला सशक्तिकरण, उनके हितों के समर्थन की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वच्छता लीग 2.0 के तत्वाधान में रेनबो पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया प्रसंस्करण केंद्र का भ्रमण

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा, पुष्पांजली टुडे




स्वच्छता को जन अभियान बनाने और जन जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से देवेंद्र नगर में स्वच्छता लीग 2.0 के तहत देवेंद्र नगर के विद्यालय रेनबो पब्लिक स्कूल के छात्रों स्टाफ के साथ विद्यालय संचालक और स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर प्रमित अग्रवाल द्वारा प्रसंस्करण केन्द्र का भ्रमण कराया गया जहां सभी छात्रों को प्रसंस्करण केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विधिवत जानकारी दी गई,। साथ ही स्वच्छता में रिसाइकिल का महत्व समझाया गया और उन्हें नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से आर एस त्रिपाठी नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी,एम एस बुन्देला नोडल अधिकारी,एस एस बुन्देला स्वच्छता निरीक्षक, जीतेन्द्र तोमर प्लांट इंचार्ज विक्रम, नारायण,हसन और प्लांट के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका की लापरवाही से लुधावली गौशाला में आधा दर्जन से अधिक गायों की भूख प्यास से मौत

## जिम्मेदार लोग दिखे अपनी जिम्मेदारी से दूर भागते हुए

अनिल कुशवाह,पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- लगातार भ्रष्टाचार की भेंट चड़ रही नगर पालिका मैं हो रहे भ्रष्टाचार हर रोज सामने निकल कर आते है जिसमें एक ओर मामला शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र लुधावली स्थित गौशाला मैं भूख और प्यास के कारण 22 गायों की मौत हो चुकी है जिस पर नगर पालिका ने कोई ध्यान न देते हुए सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार को ही अपना काम बना लिया है वैसे तो गौशाला का संरक्षण करने वाले लोग गाय को अपनी माता मानते हैं और कभी-कभी अगर किसी गाय में टक्कर हो जाए तो लोगों को मारने आ जाते हैं लेकिन जब



आज भूख और प्यास के कारण 22 गायों की मौत हो गई तो उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई भी गौशाला का संरक्षक किया नगर पालिका के अधिकारी के अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं और जिम्मेदारी से दूर भागते नजर आ रहे हैं शहर मैं लगातार गायों की मौतों का सिलसिला जारी है जिसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ नगरपालिका के गैर जिम्मेदार अधिकारी है जो कि अपनी जेवों को भरना जानते हैं और जिम्मेदारी के नाम से दूर भागते हुए दिखाई देते हैं।

वही नगर पालिका सीएमओ केशव सगर का कहना है कि गाय तो रोज मरती रहती है हमारी तरफ से किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं की जाती हमारे पास 6 गाय मरने का रिकॉर्ड हैं इससे ज्यादा गाय नही मरी है अभी 3 गाये रोज मरती हैं यदि दो दिन मैं 6 गाय मर भी गई तो कोई बड़ी बात नही हैं और जो ड़ोटो वीडियो सामने आई हैं उनमें से जो गाय बीमार हैं उनकी भी ड़ोटो खीच ली गई हैं उन को देखने के लिए पशुपालन विभाग के कर्मचारी आएंगे शायद बो सही से इलाज नही कर रहे इस लिये गयो की मौत हो रही हैं कुल मिला कर सभी जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है यदि यही कार्य पूर्व अध्यक्ष मन्नालाल कुशवाहा के कार्यकाल में होता तो सभी लोग चिल्लाने लगते और अध्यक्ष को जिम्मेदार ठहराते लेकिन अभी



भाजपा की विधायक भाजपा की मंत्री भाजपा की सरकार और भाजपा की अध्यक्ष होने के बाद भी सभी लोग चुप हैं क्योंकि वही गाय को गाय माता मानते हैं और दूसरे लोग गाय को गाय माता नहीं मानते अब किसी के मुंह से आवाज क्यों नहीं हो रही है क्या सभी इस भ्रष्टाचार में सम्मिलित है जिसके कारण किसी के मुंह से आवाज नहीं निकल रही है।

## परिवहन विभाग की घोर लापरवाही से आए दिन हो रहे है हादसे

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर

पन्ना। मामला पन्ना जिले में संचालित प्राइवेट एवं शासकीय विद्यालय के अंतर्गत अध्यनरत छात्र-छात्राओं का है जिनकी आयु वहां एक्ट के तहत नहीं हो पा रही है किंतु फिर भी अभिभावक छात्र-छात्राओं को दो पहिया वाहनों से विद्यालय में जाने की अनुमति प्रदान करते हैं यदि इसमें चाहे तो विद्यालय प्रबंधन भी अनुमति प्रतिबंधित कर सकता है क्योंकि यदि विद्यालय में वाहनों को रखने की अनुमति न हो तो कुछ हद तक छात्र-छात्राएं वहां लाना छोड़ देंगे और वाहनों से बहुत ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें वाहन छात्र-छात्राएं स्वयं चलाते हैं और तेजी गति से चलते उनके पास ना लाइसेंस रहता है और ना गाड़ी चलाने की उम्र होती है फिर भी उनकी गाड़ियां सड़कों पर फराटे भारती रहती है इसमें परिवहन विभाग कोशिश करें तो ऐसी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं।

# भाजपा सरकार घोटालों की सरकार हैः अरूण यादव

पुष्पांजली टुडे



दमोह। पूरे प्रदेश में सात जगह से प्रारंभ हुई जनाक्रोश यात्रा के साथ दमोह जिले के भी बांदकपुर धाम से विशाल जनाक्रोश यात्रा का आगाज हुआ। तत्संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जनाक्रोश यात्रा के प्रभारी अरूण यादव ने पत्रकारो के सवालो का जबाव देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी पुनः सत्ता में आने के लिये वह सब कुछ कर रही है जो उसने पिछले 18 वर्षो से कुछ नहीं किया। भाजपा सरकार घोटालो की सरकार बन कर रहा गयी है। बुंदेलखण्ड में वह जहां जहां गये है उन्होनें यह जरूर पूछा है कि किस नौजवान को नौकरी मिली तो किसी नौजवान का जबाव ही नहीं मिलता भगवान के नाम का सहारा लेने वाले फर्जी सनातनी बनकर उज्जैन के महाकाल लोक जहां कितना भ्रष्टाचार किया गया यह किसी से छुपा नहीं है विकास के सभी कार्या में भाजपाईयों द्वारा 50 फीसदी कमीशन लेकर कार्यो की गुणवत्ता ही खराब कर दी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कमलनाथ जी जो कहते है वह करते है कांग्रेस ने जो घोषणायें की उनसे डटकर वह भी नकल करते हुए क्रियान्वयन करने लगे 18 साल क्या भाजपा सरकार सो गई थी। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस संगठन के सह प्रभारी सीपी मित्तल, धर्मेश घई, श्रीराम पाराशर, गुडडू राजा, प्रताप सिंह, मानक पटेल, परम यादव, बेलु त्रिवेदी, गोविंद मायल, कमलेश उपाध्याय, राशु चौहान, पवन यादव, आशुतोष शर्मा सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# भाजपा की आशीर्वाद यात्रा को मिलेगा जन-जन का आशीर्वाद

पुष्पांजली टुडे

दमोह। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सर्वमान्य नेता है जिनके कारण आज देश का सम्मान विश्व स्तर पर बड़ा है। मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण ही देश को आज नई पहचान मिली है । यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ दुर्गेश केशवानी ने दमोह जिले की चारों विधान सभा क्षेत्र से होकर निकलने वाली जन आशीर्वाद यात्रा के प्रथम दिन 86 किलो मीटर और दूसरे दिन 150 किलोमीटर दूरी तय करेंगी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के साथ मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक जनत्रतिनिधि सम्मिलित होंगे, इस यात्रा में 10 रथ सभा और एक मंच सभा जबेरा में आयोजित होगी और यह यात्रा जिले के 70 गावो से होकर गुजरती हुई 3 लाख से अधिक लोगों से भेंट करेंगी,जिसकी जानकारी पत्रकारों से सांझा की।

**कांग्रेस के जमाने में प्रदेश बीमारू राज्य था-**प्रदेश प्रवक्ता डॉ केशवानी ने कहा कि मध्यप्रदेश में जो भी विकास नजर आता है, वो केवल भाजपा की सरकार ने किया है, कांग्रेस शासन काल में सड़के खस्ताहाल थी, पानी, बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त था लेकिन 2003 में भाजपा की सरकार बनते ही राज्य में जन कल्याण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया, सभी के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए योजनाएं बनाई और मध्य प्रदेश विकसित राज्य बन गया है। मध्यप्रदेश कई मामलों में देश का नं.-1 राज्य बना दिया है। देश के गेहूं निर्यात में मध्यप्रदेश की भागीदारी 45 प्रतिशत है और प्रदेश देश में नंबर-1 है। 3.62 करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान भारत योजना में प्रदेश के 3.62 करोड़ गरीबों को मुफ्त इलाज का अधिकार दिया है और 30 लाख से अधिक लोग निशुल्क उपचार करा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 5 करोड़ से अधिक लोगों तक मुफ्त अनाज पहुंचाया है,गरीब कल्याण योजना के कारण प्रदेश के 1.36 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर आने में सफल रहे हैं।




**जनता बनाएगी देश-प्रदेश में भाजपा की सरकार-**डॉ केशवानी ने कहा कि किसी ने मुझसे पूछा कि कमलनाथ के बारे में आपका क्या कहना हैड़ यह वही कमलनाथ हैं, जिन्होंने 10 दिनों में किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कहा था और 15 महीनों में भी कर्ज माफ नहीं कर सके। कमलनाथ एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं, लेकिन उनकी ये इच्छा पूरी नहीं होगी,क्योंकि मध्यप्रदेश की जनता एक बार फिर भाजपा को आशीर्वाद देकर देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएगी। कहा कि कांग्रेस झूठ की फैक्ट्री है। उसे समझ नहीं आ रहा कि वह जनता के सामने कैसे जाए। केशवानी ने कहा कि भाजपा तो जनता से आशीर्वाद मांग रही है, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस जनाक्रोश रैली निकाल रही है, इसी से यह साबित हो जाता है कि प्रदेश में कांग्रेस की जमीन पूरी तरह खिसक चुकी है। प्रदेश की जनता अब जान चुकी है कि मिस्टर बंटाधार की इस प्रदेश में कोई जगह नहीं, मध्यप्रदेश के मन मे नरेन्द्र मोदी बस गए हैं। उन्होंने कहा कि देश को पूरी दुनिया मे गौरवान्वित करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2023 और 2024 का चुनाव जीतेंगे।

**सनातन का अपमान नही सहेगे प्रदेशवासी-** कांग्रेस ने खुद को हिंदू विरोधी साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।अब चुनाव आते ही कांग्रेस ने अपना सनातन प्रेमी ढोंग शुरु कर दिया है। मंदिरों में हाजिरी लगाई जा रही है। कथाओं का आयोजन कराया जा रहा है। यह दिखाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है जनता को यह बताया जाने लगे कि कांग्रेस हिंदू प्रेमी है, पर सबसे बड़ी विपदा तो यह है कि कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दल के नेताओं द्वारा दिए गए हिंदू विरोधी बयान कांग्रेस का पीछा नहीं छोड़ रहे 'सहयोगी दलों के नेता ही इनके प्रयास को पलीता लगा रहे हैं। अन्य प्रदेशों से उठ रही लाडली बहना योजना की मांग - जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि पहले लाडली लक्ष्मी योजना और अब मध्यप्रदेश की लाडली बहना योजना ने पूरे देश में तहलका मचा रखा है। अब सभी राज्यों की बहनें लाडली बहना योजना की मांग कर रही हैं।

# धर्म के नाम पर राजनीति करने बाले लोगों की मंशा समझ चुकी हैं जनताः ओबीसी रोहित

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**


दतिया-जिला प्रवक्ता ओबीसी महासभा दतिया एवं युवामोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष क्रांतिकारी रोहित हुकुम ने अपने लेख के माध्यम से सेंवढा क्षेत्र के आगामी चुनाव के संदर्भ में बताया कि भाजपा-कांग्रेस ओबीसी प्रतिनिधि को टिकट देगी तो ही सीट निश्चित रूप से निकल सकती है अन्यथा इस बार मुश्किल है। उन्होंने बताया कई विधायक आये और गए चाहे वह कोई भी

## अब इनके झांसे में नही आएंगे ओबीसी वर्ग के लोग

पार्टी हो हमारा सेंवढा विधानसभा 20 क्षेत्र मूलभूत व बुनियादी विकास से बिल्कुल अछूता रह गया है चाहे वह इंदरगढ़ का बायपास रोड़ नहीं बना, शीतला बस स्टैंड नहीं बना, सड़कों पर गड्ढे हैं,प्रतिदिन जाम लगता है, सेवढा का पुल नहीं बना,लांच व रतनगढ़ का पुल नहीं बना,बाहर से 25 शीर्ष स्तर के लोग अगर सेंवढा ड़सनकुआड़ धामड़ पर्यटन का भ्रमण करने आयें तो उन्हें ठहरने के लिए उचित व्यवस्था तक नहीं है...दर्जनों गांवों में पानी की टंकी की व्यवस्था भी नहीं है तथा इंदरगढ़ क्षेत्र में खेल का मैदान नहीं है इंदरगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र में एक भी महिला डाक्टर नहीं है।रोहित हुकुम ने बताया कि सेंवढा क्षेत्र से अभी तक जितने भी विधायक बने हैं उनमें से किसी ने भी ओबीसी वर्ग की भोपाल में संख्या के अनुपात में हिस्सेदारी व ओबीसी की जनगणना की बात नहीं उठाई। रोहित हुकुम ने बताया कि हम अपनी 07 युवाओ की टीम के साथ करीब 37-38 गांव में जा चुके हैं बिना दिखावा, नो फोटो ,नो सोशल मीडिया, नो दिखावे की थीम पर गुप्त फार्मूल के अनुसार ,पूरा सेंवढा विधानसभा में ओबीसी पिछड़ा वर्ग का आक्रोश देखने को मिल रहा है और ओबीसीवर्ग पहले से बेहतर स्थिति में भी है ओबीसी वर्ग जागरूक हुआ है,बीजेपी-कांग्रेस बिना ओबीसी प्रत्याशी के जीत दर्ज नहीं कर सकती ड़अगर बीजेपी और कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधि को टिकट नहीं दिया तो जिस तरह से बहुजन समाज पार्टी से राधेलाल विधायक बने थे उसी तरह बहुजन समाज पार्टी विजय निश्चित रूप से होगी। बीएसपी को फायदा मिलेगा इसमें कोई संदेह



नहीं है क्योंकि हमारे दलित भाई वर्ग का वोटबैंक सेंवढा विधानसभा में सर्वाधिक है, दूसरे नम्बर पर ओबीसी वर्ग का वोटबैंक है। आम आदमी पार्टी भी क्षेत्र में अच्छा प्रचार- प्रसार कर रही है परंतु वह 12 -13 हजार वोटो तक ही सिमट कर रह जाएगी अनुमान है कि आमआदमी पार्टी को सेंवढा क्षेत्र में अभी अपनी जड़ें और मजबूत करनी होगी दूसरी तरफ,क्क नेता मंगलसिंह को टिकट न देकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है ,इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है,आप नेता मंगल सिंह को टिकट न मिलने से सेवढा क्षेत्र का ओबीसी वर्ग काफी खफा हुआ है क्रांतिकारी रोहित हुकुम ने अपने अंतिम शब्दों के माध्यम से बताया कि जनता ईश्वर का रूप होती है अब जनता जागरुक हो गई वह अब मंदिर धर्मशाला की राजनीति,सोना- चांदी व किले-महल की राजनीति के झांसें में नहीं आने वाला पूरे दतिया जिले में एक भी ओबीसी वर्ग का विधायक नहीं है और वोट बैंक 70त्न से अधिक है। अगर बीजेपी और कांग्रेस ने ओबीसी प्रतिनिधि को टिकट नहीं दिया तो निश्चित रूप से लोकतंत्र के इस मैदान में दतिया जिले की दोनों ही सीटों पर भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ सकता है।



## भाजपा प्रदेश कार्यालय में भगवान गणेश जी की पूजन कर भारतीय जनता पार्टी को दुखी मन से अलविदा कहा

**रिपोर्टर-प्रतिश अग्रवाल**
**पुष्पांजलि टुडे**

मधुसुदनगढ-भारतीय जनता पार्टी में वर्ष 2002 से सदस्य रहते हुए खून पसीना लगाकर चाचौड़ा में कांग्रेस के अभेद गढ़ को ध्वस्त किया और पार्टी को नींव से खड़ा करा और कार्यकर्ताओं की ढाल बनी, पार्टी को परिवार मानते हुए सर्वोपरि रखा। आज नई भाजपा में केवल अवसरवादीयों के लिए स्थान बचा है और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा, प्रदेश नेतृत्व के द्वारा विश्वासघात और छ्ल किया जा रहा है। जिस पार्टी को माँ समान माना, उसे आज भारी मन से अलविदा किया।

## शिशु मन्दिर मुंगावली में सम्पन्न हुई अशोकनगर जिले की एथेलेटिक्स खेल प्रतियोगिता



**जीतेन्द्र राय रिपोर्टर**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मुंगावली - दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय -विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान मध्य भारत के अंतर्गत आने बाले अशोकनगर जिले के समस्त शिशु मंदिर विद्यालयों की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 19 सितम्बर शाम से 20 सितम्बर दोपहर तक आयोजित की गई जिसमे जिले के अशोकनगर, चन्देरी, ईसागड़, प्राणपुर, मुंगावली आदि विद्यालयों के लगभग 100 भैया बहिनो ने सहभागिता की इसमे शिशु वर्ग, बाल वर्ग , किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के भैया बहिन शामिल रहे 19 तारीख को शाम शिशु मंदिर मुंगावली के सभागार में प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम रखा गया। जिसमे प्रतियोगिता के संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठार अशोकनगर के प्राचार्य महेश त्यागी , संचालन समिति के उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बैस , कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी , प्रतियोगिता प्रभारी प्राणपुर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अबध बिहारी शर्मा , ओर निर्णायक के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों का परिचय मुंगावली विद्यालय के प्राचार्य विशाल भार्गव ने करवाया कार्यक्रम के संचालन आशा दुवे दीदी ने किया प्रतियोगिता में अशोकनगर विद्यालय के भैया बहिनो ने सर्वाधिक स्वर्ण पदक ओर रजत पदक जीते। दूसरे स्थान पर मूंगावली ओर चन्देरी नवीन बस स्टैंड विद्यालय के भैया बहिन रहे जीते हुए सभी भैया बहिनो को मेडल ओर प्रमाण पत्र वितरित किये गए यह सभी जीते हुए भइया बहिन अब अशोकनगर जिले का प्रतिनिधित्व विभाग के प्रतियोगिता में शिवपुरी में करेंगे सभी प्रतियोगताओं का सफल आयोजन खेल आचार्य राधेश्याम उपाध्याय , ओर उनके सहयोगी चन्द्रेश असबरिया ने करवाया।




## नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज बना समस्याओं का केंद्र

**योगेश शर्मा राजोरिया, पुष्पांजलि टुडे**



नगर परिषद चाचौड़ा बीनागंज में बहुत सी समस्याएं हैं इस और ना तो अधिकारी और ना ही कर्मचारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है सूअर गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं जिसकी वजह से दिनभर नगर में गंदगी फैली रहती है इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है गलियों की हालत खस्ता बनी हुई है नगर में गलियों की रिपेयरिंग का कार्य किया गया वह भी कागजों पर ही सीमित होकर रह गया है सार्वजनिक कुएं के पास दिनभर सुअर बैठे रहते हैं जिससे आम जनों को पानी भरने में दिक्कत होती है अंबाला मार्ग एवं छान मार्ग के लैंप बंद है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है धार्मिक मार्गो में अंधेरा फैला हुआ है श्रद्धालुओं को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सीएमओ किसी भी प्रकार से अपने ऊपर जिम्मेदारी लेते नजर नहीं आते इस जानकारी मांगी जाती है तो जानकारी देने को तैयार नहीं है नालियों एवं कुएं में दवा का छिड़काव नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से नालियों में मच्छर पनप रहे हैं और नागरिक बीमार पढ़ है नगर परिषद में सैकड़ो कर्मचारी हैं उनमें से कुछ ही कर्मचारी काम करते नजर आते हैं बकाया तो सिर्फ वेतन लेने ही आते हैं नगर परिषद की लापरवाही का खामियाजा आज नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

## घर-घर पहुंच कर बीएलओ करेंगे मतदाताओं का सत्यापनः एसडीएम

**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

पिछोर शिवपुरी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्रकुमार चौधरी के निर्देशन में पिछोर विधानसभा क्षेत्र 26 में समस्त बीएलओतथा बीएलओ सुपरवाइजरो की निर्वाचन सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण बैठक सरस्वती शिशु मंदिर पिछोर में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजीव समाधिया द्वारा ली गई। जिसमें पिछोर तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिव शंकर सिंह गुर्जर, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन, निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी सहित समस्त बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीएम समाधिया द्वारा बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर में मतदाताओ का सत्यापन करने के लिए आज 20 सितंबर से ही बीएलओ द्वारा मतदाताओं के नामों का सत्यापन करेंगे। तथा मतदाता सूचियां के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए सभी बीएलओ इसका सत्यापनघर-घर जाकर करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 का कार्य चल रहा है जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र के पिछोर/खनियाधाना के सभी ग्रामों





में बीएलओ द्वारा 11 दिन तक घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य किया जाएगा। सत्यापन की शुरुआत आज 20 सितंबर से ही प्रारंभ होकर के 30 सितंबर तक निरंतर चलेगी इस दौरान बीएलओ द्वारा बीएलओ एप के माध्यम से प्रत्येक मतदाता का उसके घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे तथा मृत मतदाता और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की जांच की जाएगी। जांच के दौरान यदि कोई मतदाता मृत या गलत पाया जाता है तो मतदाता सूची से उसका नाम काट दिया जावेगा। 4 अक्टूबर 2023 को विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर के सभी मतदान केन्द्रों पर होगा मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन एसडीएम द्वारा बताया गया कि मतदाता सूचियां के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 4 अक्टूबर 2023 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूचियों का वाचन किया जाएगा। जिसमें सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलो के जन प्रतिनिधियों की बैठक के माध्यम से मतदाता सूची के संबंध में जानकारी दी जायेगी।



## गोटू जैन के निज निवास पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**
**पुष्पांजली टुडे-**

शिवपुरी। कोलारस विधानसभा क्षेत्र से 20 वर्षो से उपेक्क्षा के शिकार जमीनी मूल पोलिंग बूथ जितानै वाले कांग्रेस के वफादार कार्यकर्ताओ ने बुधवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जितेंद्र जैन गोटू भैया को कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर उनके शिवपुरी निवास पर पहुंचकर पुष्पमाला व मिठाई खिला कर स्वागत किया और भविष्य के लिए अच्छे जनसेवक के रुप मे आपका नाम हो कार्यकर्ताओ ने कहा की भाई साहब आपको एक अच्छे जनसेवक के रुप में जन जन की सेवा करने का आपको अवसर मिले आप इमानदार है अनुभवी है पार्टी और जनता आपको जरुर मोका देगी। यह जमीनी मूल पोलिंग बूथ लेविल के वे कार्यकर्ता जो पोलिंग बूथ से लेकर सडक संसद तक संघर्ष करने में जनसेवक के साथ रहते है फिर भी वे अपेक्षा के सिकार रहते है नेता अपना काम निकाल कर ऐसे मूल मेहनती कार्यकर्ताओ की सूध नही लेते इस कारण वे अब ऐसे इमानदार अच्छे जनसेवक की तलाश में जिसे वे अपना प्रतिनिधि चुनकर गरीव जनता के बीच मैं रहे और ऐसे मूल मेहनती कार्यकर्ताओ को अपेक्षा के शिकार न हो शिवपुरी निवास पहुंचकर गोटू जैन का स्वागत करने वालो में बंटी यादव अम्हारा किसान कांग्रेस जिला महासचिव शिवपुरी मोहर सिंह केवट रन्नौद जिला श्रमिक कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव इंदार मंडलम अध्यक्ष मोनु लोधी कुटवारा युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बकतोर सिंह सरदार जी खरीला व तमाम साथी उपास्थित थे गोटू जैन ने सभी को गले से लगा कर आश्वासन दिया की अब आपके साथ ऐसा कभी नही होगा क्योकि आपही के संघर्ष से ही सब कुछ प्राप्त होता है

## केंद्र प्रभारी मनोज अग्रवाल नागरिक आपूर्ति निगम पिछोर अन्यदूत योजना में नियम के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं ओवरलोड वाहन

**राकेश परिहार पिछोर**
**पुष्पांजली टुडे**

मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अन्यदूत योजना के अंतर्गत पिछोर मैं दो गाड़ी एवं खनियाधाना में चार गाड़ी उपलब्ध कराई गई हैं शासन के द्वारा 7- 50 टन में वाहन उपलब्ध कराए गए थे पिछोर में पदस्थ प्रभारी केंद्र प्रभारी नागरिक आपूर्ति निगम मनोज अग्रवाल जी द्वारा गाड़ियों में 9-50से 10 टन के बीच गाड़ियों में राशन लोड कराया जा रहा है गुप्त सूत्रों के जानकारी के अनुसार केंद्र प्रभारी द्वारा लेनदेन करके सभी गाड़ियों वालों को ओवरलोड वाहन एवं अन्य सुविधाएं भी दे रहे हैं हमारे द्वारा गाड़ियों वालों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें केंद्र प्रभारी के माध्यम से परिवहन कार्य करना है जितना वह लोड कर रहे हैं




उतना हमको वजन लेकर राशन की दुकानों पर जाना है हमारे द्वारा इस संबंध में केंद्र प्रभारी से बात की गई उनके द्वारा बताया गया है कि फूड इंस्पेक्टर पिछोर जगदीप सिंह लोधी द्वारा हमें मौखिक निर्देश दिया गया है कि आप ओवरलोड चलवाएं इसकी गारंटी हमारी है ओवरलोड गाड़ी लोड करवाने से शासन को करोड़ों रुपए से लागत बनाए गए रोड खराब हो रहे हैं एवं ओवरलोड वाहन भरने से किसी की जनहानि भी हो सकती है फूड इंस्पेक्टर,केंद्र प्रभारी एवम नान ऑपरेटर की मिली भगत होने के कारण से ओवरलोड चलवाया जा रहा है क्रमश शिवपुरी जिले के किसी भी अन्य सेक्टर मैं ओवरलोड वाहन नही चल रहे है लेकिन फूड इंस्पेक्टर जगदीप लोधी एवम नान प्रभारी ओर ऑपरेटर प्रमोद मांझी की कृपा से पिछोर मैं 7,5 टन की छ्मता वाले वाहन मैं 10 टन तक ओवरलोड भरा जा रहा है सूत्रों की माने तो प्रति अन्नदूत से अच्छी खासी रकम केंद्र प्रभरी द्वारा अंदर की गई है।। हमें फूड इंस्पेक्टर जगदीप लोधी ने मौखिक आदेश दिया है की आप ओवरलोड वाहन भर सकते हैं

**इनका कहना**

**केंद्र प्रभारी मनोज अग्रवाल**
**नागरिक आपूर्ति निगम पिछोर**

## थाना दिनारा पुलिस द्वारा 07 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनु विभाग करेरा द्वारा चलाए जा रहे स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटीयो की धर पकड़ हेतु अभियान के पालन में दिनांक 20 /09/2023 को दौराने स्थाई वारंटी तलाश इलाका दीगर अपराध क्रमांक 558/16 धारा 279,337 भादवि एवं



न्यायालय करेरा के प्रकरण क्रमांक 2553/16 का फरार स्थाई वारंटी मलखान पुत्र मनीराम पाल उम्र 34 साल निवासी ग्राम सपा खाना बबीना जिला झांसी उत्तर प्रदेश को पुराने थाने के पास दिनारा मुखबिर की सूचना पर से विधिवत गिरफ्तार किया गया स्थाई वारंटी न्यायालय करेरा पेश किया गया उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किए जाने में थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव ,विवेक भट्ट, विनोद गौतम ,हिमांशु चतुर्वेदी, मृत्युंजय गौतम, राजपाल जाट की सरहानिए भूमिका रही

## शिवपुरी पुलिस की चोरी के मामले मे बड़ी सफलता, पुलिस थाना करैरा द्वारा चोरी गयी 10 विद्युत मोटर कीमती 02 लाख रुपये की बरामद कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**



करैरा।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, चोरी, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, एसडीओपी करैरा श्री एसएन मुकाती के द्वारा भी चोरी की घटनाओं पर अँकुश लगाने व चोरी गये मश्रुका को बरामद करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया । फरियादी आशाराम कुशवाह निवासी ग्राम श्योपुरा थाना करैरा जिला शिवपुरी के द्वारा दिनांक 15.09.23 को थाना करैरा पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी दो विद्युत मोटर कोई चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 653/23 धारा 379 ताहि का कायम कर विवेचना मे लिया गया तथा करैरा पुलिस द्वारा इसको चैंलेंज के रूप मे लिया गया दौरान अनुंसधान मुखविर की सूचना पर से आरोपी कल्ला उर्फ कल्यान रावत उम्र 32 साल नि, जीतेन्द्र पुत्र धीरज सिंह रावत उम्र 26 साल नि0गण ग्राम लेदा थाना करैरा जिला शिवपुरी को नाम दर्ज किया गया तथा मुखविर की सूचना पर से आरोपी देवेन्द्र रावत को दिनांक 16.09.23 को गिरफ्तार किया तथा आज दिनांक 20.09.23 को आरोपीगण कल्ला उर्फ कल्यान रावत उम्र 32 साल नि , जीतेन्द्र पुत्र धीरज सिंह रावत उम्र 26 साल नि0गण ग्राम लैंदा को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो से अपराध सदर मे चोरी गई थाना क्षेत्र की 04 बिद्युत मोटर तथा थाना अमोला ,दिनारा एवं दतिया क्षेत्र से चोरी गई 06 बिद्युत मोटर कुल 10 बिद्युत मोटरे कीमती 02 लाख रूपये का माल मशरूका बरामद किया गया । आरोपियो से अन्य चोरियो के संवंध मे पूछताछ की जा रही है ।

बरामद माल- 10 विद्युत मोटर कीमती 02 लाख रुपये ।

इनकी रही भूमिका- थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा ,सउनि प्रवीण त्रिवेदी ,आर 1073 अनूप ,आर 338 हरेन्द्र ,आर 688 आलोक ,आर 732 संजीव , आर0 319 चन्द्रशेखर मीना, आर 260 गजेन्द्र शर्मा ।

# भारतीयों का क्रेडिट कार्ड का बिल बढ़ रहा

**आर्थिकी: अधिकांश लोग आवश्यक वस्तुओं पर अधिक खर्च कर रहे तो गैर-जरूरी वस्तुओं पर भी अधिक खर्च हो रहा।**

टीसीए शरद राघवन

स्थिर या घटती आय, बढ़ते खर्च, क्रेडिट कार्ड की प्रचुरता और 'बाइ नाउ-पे लेटर' (बीएनपीएल) ऑफर के कॉम्बिनेशन के की वजह से ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है जो अपनी क्षमता से अधिक खर्च कर रहे हैं और अपने खर्च को पूरा करने के लिए क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहे हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से, आय पर यह तनाव काफी चिंताजनक होगा। हालांकि, क्रेडिट कार्ड के इस बढ़ते ऋण के साथ-साथ इसमें डिफ़ॉल्ट होने के मामले में भी समान वृद्धि देखी गई है, जिसके बारे में अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यदि इसे अनियंत्रित छोड़ दिया गया तो यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भविष्य में जोखिम पैदा कर सकता है।

> भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जुलाई 2023 – नवीनतम अवधि जिसके लिए डेटा है – तक क्रेडिट कार्ड बकाया बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो कि पिछले साल जुलाई की तुलना में 31.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि क्रेडिट कार्ड ऋण कुल व्यक्तिगत ऋण का एक छोटा सा हिस्सा है, लेकिन महामारी के बाद से यह हिस्सा बढ़ रहा है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जुलाई 2023 – नवीनतम अवधि जिसके लिए डेटा है – तक क्रेडिट कार्ड बकाया बढ़कर 2.13 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो कि पिछले साल जुलाई की तुलना में 31.2 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

विशेष रूप से, क्रेडिट कार्ड ऋण में वृद्धि तेज हो रही है – जुलाई 2022 में यह 27.18 प्रतिशत, जुलाई 2021 में 25.1 प्रतिशत और जुलाई 2020 में 8.6 प्रतिशत था (हालांकि 2020 में यह कम वृद्धि संभवतः महामारी की वजह से प्रभावित थी)। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि, हालांकि क्रेडिट कार्ड ऋण कुल व्यक्तिगत ऋण का एक छोटा सा हिस्सा बनाते हैं, लेकिन महामारी के बाद से यह हिस्सा बढ़ रहा है। यानी, महामारी के




शुरुआती दिनों में जहां जुलाई 2020 में क्रेडिट कार्ड ऋण कुल व्यक्तिगत ऋण का 3.9 प्रतिशत था, वहीं मार्च 2023 तक यह अनुपात बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गया और जुलाई तक अपेक्षाकृत ऊंचे 4.5 प्रतिशत पर रहा।

### घटती आय, बढ़ता खर्च

क्रेडिट कार्ड ऋण वृद्धि में के लिए एक साथ दो कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है – खर्च में वृद्धि जबकि आय काफी हद तक स्थिर रही है या कम हो गई है, और 'बीएनपीएल' योजनाओं की अधिकता जो वर्तमान खरीद के लिए आसान ऋण प्रदान करती है। निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री सौगत भट्टाचार्य ने बताया, "पिछले कुछ वर्षों में क्रेडिट कार्ड ऋण, जो असुरक्षित हैं, काफी बढ़ गए हैं। इस पोर्टफोलियो में अपराध बढ़ने का जोखिम है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि बकाया राशि परिवारों के कैश फ्लो में कठिनाइयों का परिणाम है या बाइ नाउ पे लेटर ऑफ़र की वजह से है।"

आरबीआई के एक अन्य डेटासेट, उसके कस्टमर कॉन्फिडेंस सर्वे से पता चलता है कि केंद्रीय बैंक द्वारा सर्वेक्षण किए गए लोगों का एक बड़े हिस्से – 85.3 प्रतिशत – का कहना है कि आवश्यक वस्तुओं पर उनका खर्च पिछले साल जुलाई की तुलना में अब (जुलाई 2023 तक) अधिक है।

वहीं, 26.6 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि गैर-जरूरी चीजों पर उनका खर्च भी बढ़ गया है, जबकि 37 प्रतिशत ने कहा कि यह पिछले साल के समान ही बना हुआ है। कुल मिलाकर, इसका मतलब है कि लगभग 63 प्रतिशत ने कहा कि उनका गैर-जरूरी खर्च या तो पिछले साल के बराबर ही था या बढ़ गया था।

दूसरे शब्दों में, अधिकांश लोग आवश्यक वस्तुओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं, और या तो गैर-जरूरी वस्तुओं पर भी अधिक खर्च कर रहे हैं या पिछले वर्ष के समान ही खर्च कर रहे हैं। इसके साथ ही, इसी सर्वेक्षण से पता चलता है कि जुलाई में 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनकी आय पिछले वर्ष की तरह ही बनी हुई है, और लगभग 25 प्रतिशत ने कहा कि उनकी आय में कमी आई है। यानी, केवल एक चौथाई उत्तरदाताओं ने आय में वृद्धि की सूचना दी।

यह कॉम्बिनेशन – आय का स्थिर रहना या घटना, और व्यय में वृद्धि – क्रेडिट कार्ड खर्च में वृद्धि के पीछे प्रेरक कारणों में से एक हो सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया, "एक बड़ी चिंता असुरक्षित ऋणों और खासकर क्रेडिट कार्ड ऋणों में वृद्धि हो सकती है – हालांकि ये बड़े पैमाने पर क्रेडिट जांच के बाद भी किए जाते हैं।"

सबनवीस ने कहा, "अब क्रेडिट कार्ड प्राप्त करना बहुत आसान हो गया है, और बीएनपीएल योजनाओं के बढ़ने के साथ, ऐसा लगता है कि लोग अपने उपभोग में कमी नहीं कर रहे हैं, भले ही उनकी आय बरकरार न रह सके। यहां निश्चित रूप से अधिक विवेक से काम लेने की ज़रूरत है।

*(साभार- दिप्रिंट)*

**समाचार विश्लेषण :**

# ब्रिटेन में महिला सर्जनों का यौन उत्पीड़न

> रिसर्च रिपोर्ट के लेखकों का कहना है कि वरिष्ठ पुरुष सर्जनों का महिला सर्जन के साथ दुर्व्यवहार करने की एक प्रवृति है और यह हमेशा से ही एनएचएस अस्पतालों में होता रहा है।

ब्रिटेन की स्वास्थ्य सेवा एनएचएस में काम करने वाली महिला सर्जनों में उन महिलाओं की बड़ी संख्या है जिन्होंने यौन उत्पीड़न झेला है। महिला सर्जनों के साथ सर्जरी के दौरान उत्पीड़न करने की बातें सामने आ रही हैं।

ब्रिटेन के एनएचएस में महिला सर्जनों के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। सर्जरी के लिए #MeToo आंदोलन के नाम से ब्रिटिश जर्नल ऑफ सर्जरी ने अपने एक सर्वेक्षण के परिणाम सार्वजनिक किए हैं। सर्वेक्षण के लिए 1,434 महिला सर्जनों का इंटरव्यू लिया गया। रिसर्च रिपोर्ट के लेखकों का कहना है कि वरिष्ठ पुरुष सर्जनों का महिला सर्जन के साथ दुर्व्यवहार करने की एक प्रवृत्ति है, और यह हमेशा से एनएचएस अस्पतालों में हो रहा है। रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन ने कहा कि सर्वेक्षण के निष्कर्ष ₹वास्तव में चौंकाने वाले₹ हैं। इस खबर के सामने आने के बाद ब्रिटेन की संसद ने जांच के लिए एक टीम गठित की है। महिला अधिकारोंके मामले में सजग रहे देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में इस तरह के आरोपों ने लोगों को बहुत हैरान किया है।

जूडिथ ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर बीबीसी से अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब वह अपने सर्जन बनने के शुरुआती दौर में अस्पताल में काम कर रहीं थी तब उनके साथ ऐसी घटनाएं अक्सर हुआ करती थीं। खासकर तब जब वह ऑपरेटिंग थिएटर में सब से जूनियर हों।

मैं पेशे में नई थी और ऑपरेशन चल रहा था। मेरे सीनियर पुरुष सर्जन को ऑपरेशन के वक्त काफी पसीना आ रहा था। इस बीच अचानक वह घूमा और अपना सिर सीधे मेरे स्तनों में दबा दिया और मुझे एहसास हुआ कि वह अपनी भौंहें पोंछ रहा था। जब उसने दूसरी बार ऐसा किया तो जूडिथ ने पूछा कि क्या वो उन्हें तौलिया ला दे? तब वह मुस्कुराते हुए बोला कि नहीं यह ज्यादा मजेदार है। मुझे बहुत गंदा और अपमानजनक महसूस हुआ।

सर्वेक्षण के मुताबिक 63 प्रतिशत महिला सर्जन यौन उत्पीड़न का शिकार रह चुकीं हैं। करीब 30 प्रतिशत महिला सर्जन के साथ ऐसी हरकत उनके सहकर्मी ने की। करीब 11 फीसदी महिला सर्जन के साथ केरियर के अवसरों से संबंधित जबरन शारीरिक संपर्क की कोशिश जताई गई। सर्वेक्षण में 11 बलात्कार के मामले भी सामने आए।

सर्वेक्षण में एक बड़ी बात को नोट किया गया है। सर्जिकल कार्यबल में महिलाएं और पुरुष अलग-अलग वास्तविकताओं को जी रहे हैं। सहकर्मियों के आसपास रहने पर, महिलाएं में पुरुषों की तुलना में यौन दुराचार का शिकार होने की दर ज्यादा है।

## भवन और भावना

लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों ने संसद के नए भवन में जाने से पहले पुराने भवन से जुड़ी स्मृतियों को याद किया। नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जिन्होंने इस मौके पर अनपेक्षित भावना का प्रदर्शन करते हुए जवाहर लाल नेहरू के ऐतिहासिक 'स्ट्रोक ऑफ द मिडनाइड' भाषण को याद किया और साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भी अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में कई सकारात्मक बातें कहीं। विपक्षी नेताओं ने संसद की भावना से जुड़े कई प्रश्न उछाले। घूम-फिर कर सवाल यही सामने आया कि क्या नए भवन में दोनों पक्ष नई (या संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली) भावना भी दिखाएंगे? अगर दोनों पक्ष सिर्फ यह याद रखें कि सदन में पहुंचे सभी चेहरों को जनता ने निर्वाचित किया है और वे सभी जन प्रतिनिधित्व के लिए वहां आए हैं, तो संसदीय परंपरा को लेकर लगातार गहरी होती गई कई चिंताओं का समाधान निकल सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अल्पमत- यानी विपक्ष भी सरकार की गलतियों को बेनकाब कर और विरोध संगठित कर जनता की तरफ से सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाह ही करता है, अगर यह बात सत्ता पक्ष आत्मसात कर ले, तो संसद में वे नजारे देखने को नहीं मिलेंगे, जिन्होंने देश के एक बड़े जनमत के मन में व्यग्रता पैदा कर रखी है।

> घूम-फिर कर सवाल यही सामने है कि क्या नए संसद भवन में दोनों पक्ष नई- यानी संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली- भावना भी दिखाएंगे? उन्होंने ऐसा किया, तभी यह परिवर्तन ऐतिहासिक बन पाएगा।

विरोधी का अर्थ दुश्मन समझना और बहुमत को बहुमतवाद में तब्दील कर देना लोकतंत्र की भावना का सिरे उल्लंघन है। संसद जब अपने पुराने भवन से विदा हुई, तब यही प्रवृत्ति वहां हावी थी। अब अगर नए भवन में भी यही जारी रही, तो फिर इमारत की भव्यता और नूतनता से देश में गहराती चली गई विभाजन की भावना पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भवन असल में सिर्फ एक स्थान है, जो भावना की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक परिस्थितियां उपलब्ध कराता है। अब भवन परिवर्तन हो गया है, लेकिन यह अपने-आप में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है।

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## जांच की जरूरत है

हालांकि विवाद अंतरराष्ट्रीय है, लेकिन इसमें कथित रूप से भारतीय नागरिक भी शामिल या इससे प्रभावित बताए जाते हैं, इसलिए इस पर भारत सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था। पोलैंड में तो इस कांड में भागीदारी के कारण वहां के उप विदेशमंत्री को बर्खास्त कर दिया गया है। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक भारत समेत एशिया और अफ्रीका के कई देशों के लोगों को पोलैंड का वीजा दे कर यूरोप और अमेरिका भेजा गया है। खुद पोलैंड की सत्ताधारी लॉ एंड जस्टिस पार्टी ने यह मामला उछाला, लेकिन तब उसे पता नहीं था कि यह उसको भी भारी पड़ेगा। जब बात बढ़ी, तो वर्तमान सरकार भी घेरे में आ गई। गौरतलब है कि जल्द ही पोलैंड में चुनाव होने वाले हैं।

> खबर है कि अवैध तरीके से पोलैंड के रास्ते अमेरिका और यूरोप के दूसरे देशों तक जाने वालों में भारत के लोग भी शामिल हैं। आरोप तो यहां तक लगा है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की मिलीभगत से यह घोटाला चल रहा था।

पोलैंड के अफ्रीका और एशिया के दूतावासों से पैसे लेकर वीजा देने के मामले के उछलने से सत्ताधारी पार्टी की छवि को गहरा धक्का पहुंचा है। पोलैंड में प्रवासियों को लेकर नियम काफी सख्त हैं। इसका फायदा पोलैंड के अधिकारियों ने उठाया। उन्होंने ने मोटी रिश्वत में लेकर अयोग्य लोगों को पोलैंड का वीजा दिलवाया। ये लोग पोलैंड से वीजा लेकर यूरोप में जर्मनी और दूसरे देशों की ओर गए। यूरोपियन यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों में किसी का वीजा होने पर पूरे ईयू क्षेत्र में जाया जा सकता है। खबर है कि जिन देशों को पोलैंड का वीजा दिया गया, उनमें से कुछ लोगों को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका भी भेजा गया। इसके लिए बकायदा पोलैंड के दूतावासों से मल्टीइंट्री वीजा जारी किए गए। इस तरह के हरेक वीजा के लिए 35,000 से 40,000 डॉलर तक की रकम बिचौलियों की मदद से वसूली गई। रिपोर्टों के मुताबिक यह सिलसिला 2021 से ही चल रहा था। चूंकि इसमें भारत का नाम भी उछल गया है, इसलिए इस बारे में भारत सरकार को अपने यहां पूरी जांच करानी चाहिए।

**कनाडा के प्रधानमंत्री के बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि निज्जर की हत्या की जांच के चलते कनाडा के अधिकारी सार्वजनिक तौर पर सीमित बातें ही कह सकते हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बताया कि भारतीय राजनयिक पवन कुमार राय को इस केस की जांच के चलते निष्कासित कर दिया गया है। ट्रूडो के बयान को ख़ारिज करते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने न केवल निज्जर की हत्या के आरोपों को ख़ारिज किया बल्कि जवाबी कार्रवाई में दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग को समन भेजा और एक सीनियर डिप्लोमेट को निष्कासित करने का फ़ैसला किया है।**

# कनाडा और भारत में वार-पलटवार

कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कनाडा की संसद में कहा है कि "कनाडा की एजेंसियों ने पुख्ता तौर पर पता किया है कि निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है।" उन्होंने कहा मैंने यह मुद्दा जी-20 ते सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी के सामने भी उठाया था। ट्रूडो बोले- "हमारे देश की ज़मीन पर कनाडाई नागरिक की हत्या के पीछे विदेशी सरकार का होना अस्वीकार्य है और ये हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है।" "ये उन मूलभूत नियमों के ख़िलाफ़ है, जिसके तहत लोकतांत्रिक, आज़ाद और खुले समाज चलते हैं।"

ट्रूडो ने कनाडा की संसद में कहा कि दिल्ली में उच्च स्तर पर निज्जर की हत्या के मुद्दे को उठाया गया था। कनाडा ने बताया कि इस मुद्दे को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने भी उठाया गया था।

ट्रूडो ने कहा, "मैं बहुत दृढता के साथ ये बात कहना चाहता हूं कि भारत सरकार इस मामले में कनाडा का सहयोग करे। निज्जर की हत्या से कनाडा के नागरिकों में ग़ुस्सा है और कुछ अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।" प्रधानमंत्री के बाद कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि निज्जर की हत्या की जांच के चलते कनाडा के अधिकारी सार्वजनिक तौर पर सीमित बातें ही कह सकते हैं। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने बताया कि भारतीय राजनयिक पवन कुमार राय को इस केस की जांच के चलते निष्कासित कर दिया गया है। ट्रूडो के बयान को ख़ारिज करते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने न केवल निज्जर की हत्या के आरोपों को ख़ारिज किया बल्कि जवाबी कार्रवाई में दिल्ली स्थित कनाडाई उच्चायोग को समन भेजा और एक सीनियर डिप्लोमेट को निष्कासित करने का फ़ैसला किया है। उस राजनयिक को भारत छोड़ने के लिए पाँच दिन का समय दिया गया है।



भारत सरकार ने अपने बयान में कहा है कि "संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। यह फ़ैसला हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है।"

ध्यान रहे कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो कुछ दिन पहले ही जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस दौरे में ट्रूडो के साथ मुलाक़ात में पीएम मोदी ने कनाडा में सिख अलगाववादी गतिविधियों और भारतीय राजनयिकों पर होते हमलों का मुद्दा उठाया था। ट्रूडो के मुल्क लौटने के कुछ वक़्त बाद ही कनाडाई वाणिज्य मंत्री मैरी एनजी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया था कि कनाडा ने भारत से द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री के आरोपों को ख़ारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, "कनाडा के प्रधानमंत्री ने संसद में जो कुछ भी कहा, उसे हम ख़ारिज करते हैं। कनाडा की विदेश मंत्री के बयान को भी हम नकारते हैं।" कनाडा में किसी भी तरह की हिंसा में भारत सरकार पर शामिल होने का आरोप लगाना हास्यास्पद और राजनीति से प्रेरित है। इसी तरह हमारे प्रधानमंत्री के सामने कनाडा के प्रधानमंत्री ने आरोप लगाए थे और हमने उसे भी पूरी तरह से ख़ारिज किया था। हम क़ानून के राज को लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, "ऐसे बेबुनियाद आरोप खालिस्तानी आतंकवादी और अतिवादियों से ध्यान भटकाने के लिए हैं। ऐसे खालिस्तानी आतंकवादियों और अतिवादियों को कनाडा ने प्रश्रय दे रखा है, जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए ख़तरा हैं।

इन मामलों में कनाडा की सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करना लंबे समय से चला आ रहा है और ये हमारे लिए अब भी चिंता की बात बनी हुई है। कनाडा के नेता ऐसे तत्वों से खुलेआम सहानुभूति जता रहे हैं और ये हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, कनाडा में हत्या, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी गतिविधियों को फलने-फूलने देना कोई नई बात नहीं है। ऐसी गतिविधियों में भारत सरकार को जोड़ने की किसी भी कोशिश को हम ख़ारिज करते हैं। हम कनाडा की सरकार से आग्रह करते हैं कि कनाडा की धरती से संचालित होने वाली भारत विरोधी गतिविधियों पर तत्काल और प्रभावी क़ानूनी कार्रवाई करे।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कनाडाई डिप्लोमेट का भारत के आंतरिक मामलों में बढ़ते हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों के कारण उसे जाने के लिए कहा गया है।

निज्जर कनाडा के सिख नेता थे और सार्वजनिक तौर पर खालिस्तान का समर्थन करते थे। निज्जर के समर्थकों ने कहा था कि उनकी गतिविधियों के चलते पहले भी उन्हें कई धमकियां मिलती रही हैं।

भारत सरकार निज्जर को आतंकवादी और अलगाववादी संगठनों का मुखिया बताती रही है। निज्जर के समर्थक इन आरोपों को ख़ारिज करते हैं। हाल के महीनों में निज्जर तीसरे ऐसे सिख नेता थे, जिनकी मौत हुई। जून महीने में ही ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा भी बर्मिंगम में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। वो खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के मुखिया थे। लाहौर में भी परमजीत सिंह पंजवार की हत्या कर दी गई थी। परमजीत को भारत सरकार आतंकवादी बताती है।

ट्रूडो के फ़ैसले का कनाडा के कुछ सिख संगठनों ने स्वागत किया है। इन संगठनों में वर्ल्ड सिख ऑर्गेनाइजेशन भी शामिल है। इस संगठन ने एक बयान में कहा कि समुदाय के बीच ये बात पहले से ही कही जा रही थी, ट्रूडो के बयान ने इसकी पुष्टि की है।

कनाडा में 14 से 18 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं। पंजाब के अलावा सिख सबसे ज़्यादा कनाडा में हैं। इसीलिए जब जी-20 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ट्रूडो भारत आए थे तो उनकी पीएम मोदी से मुलाक़ात में ये मुद्दे भी उठे थे।

### जी-20 के बाद दूरियां तेजी से बढ़ीं

कनाडा के पीएम ट्रडो जी-20 के बाद जैसे ही मुल्क लौटे, भारत से संबंधों में दूरियां आनी शुरू हो गई थीं। 15 सितंबर को कनाडा ने भारत के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत रोक दी थी। साल 2022 में भारत कनाडा का दसवां बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर था। 2022-23 में भारत ने कनाडा को 4.10 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया था। 2021-22 में यह आंकड़ा 3.76 अरब डॉलर का था।

वहीं कनाडा ने भारत को 2022-23 में 4.05 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया। 2021-22 में ये आंकड़ा 3.13 अरब डॉलर का था। भारत में कम से कम 600 कना

# सीरवी क्षत्रिय समाज संस्था तपोवन पंचवटी नाशिक वडेर में भादवा सुदी बीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

पुष्पाजंली टुडे

**नाशिक।** सीरवी समाज की धार्मिक आस्था का केन्द्र श्री आईमाताजी के 608 वें अवतरण दिवस एवं वार्षिक समारोह पदाधिकारियों व समाज बन्धुओ के सानिध्य मे धूम-धाम से मनाया। मंदिर को प्रातः वेला मे पुष्प मालाओ व लाईटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः ज्योत प्रज्वलित कर भजनो का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे भजन गायक महेंद्र गोयल लालराई एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर समाज बन्धुओ ने नाचते-गाते हुए लाभ लिया। बोलियों लगाई गई जिसमें समाज बन्धुओं ने बढ-चढ कर भाग लिया। भादवा सुदी बीज के पावन अवसर पर मंदिर मे परिक्रमा व समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी




कमेटी के सभी सदस्यों द्वारा माताजी को गाजे-बाजे के साथ भोग लगाया गया व महाआरती पश्चात समाज बन्धुओं ने माई के चरणों मे श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। 1.15 बजे अध्यक्ष महोदय द्वारा आम सभा की अध्यक्षता में बाहर से पधारे हुए मेहमानों का स्वागत किया गया। कोषाध्यक्ष गणेश सोलंकी ने बच्चों के शिक्षा पर जोर दिया। विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष पुखराज ने संपूर्ण पदाधिकारियों व सदस्यों गणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में चढावों की बोलियां लेने वाले लाभार्थियों का सम्मान किया गया।होनहार बच्चो सम्मानित किया गया, सामोरह में बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सब लोगो का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बन्धुओ व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष गणेश लचेटा, सचिव मोहनलाल गेहलोत, कोषाध्यक्ष गणेश सोलंकी, सह-कोषाध्यक्ष पेमाराम सोमतरा, सलाहकार मोडाराम सोलंकी,भंवरलाल भायल, मांगीलाल सोलंकी, गमनाराम परमार, रमेश गोदरा, एवं समस्त कार्यकारिणी एवं महिला अध्यक्ष विमला बाई आगलेचा सहित समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे। सचिव मोहनलाल गेहलोत ने सभी पधारे हुए समाज बन्धुओं माताओं बहनों को धन्यवाद देकर समापन समारोह समाप्त किया गया

# भादवी बीज का महोत्सव धूम-धाम से मनाया

पुष्पाजंली टुडे


**चेन्नई-** सीरवी समाज के लमबाक म आईमाता वडेर प्रांगण में भादवा शुक्ल बीज पर आईमाता का अवतरण दिवस मनाया गया। भजन गायक ओमप्रकाश ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।



मंदिर परिसर को फूलों एवं रंग-बिरंगी रोशन से सजाया गया। कार्यक्रम में मेघावी छात्र छात्राओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक एंव नृत्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उपस्थित सब लोगों का मन मोह लिया। संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल गेहलोत ने स्वागत किया। गेहलोत ने शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ने का आह्वान किया। सचिव धर्मीचंद भायल ने धन्यवाद ज्ञापित किया । इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रमेश गेहलोत, सहसचिव तेजाराम मुलेवा,कोषाध्यक्ष पारसराज मुलेवा एवं महिला मंडल एवं समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

# बांदा नवाब के वंशज आड़ाक अली बहादुर का निधन

दैनिक पुष्पांजली टुडे



सीहोर।सन 1857 के महान स्वतंत्रता संग्राम में झांसी की महारानी का अंतिम समय तक साथ देने वाले बांदा नवाब के वंशज श्री आड़ाक अली बहादुर का निधन हो गया है। वह 69 वर्ष के थे और जिला पंचायत अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद कस्बा स्थित बांदा कंपाउंड में निवास कर रहे थे। बीती रात ईशा की नमाज के बाद उनका जनाजा निज निवास से निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवारीजन, प्रबुद्धजन और मित्रगण शामिल हुए। इसके बाद चोपड़ा वाली मस्जिद के समीप स्थित अलीगड़ ड़ब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे ड़ाक कर दिया गया। आड़ाक अली बहादुर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर हॉकी टीम के कप्तान कप्तान रहे और क्रिकेट के भी बेहतरीन खिलाड़ी थे। बेहद मिलन सार, हंसमुख और सबकी मदद करने वाले व्यक्ति के रूप में उनकी पहचान थी। इतिहास, राजनीति, पुरातत्व, चिकित्सा विज्ञान और देश दुनिया की ताजातरीन गतिविधियों के बारे में उनकी जानकारी हमेशा बेहद दिलचस्प रहती थी। उनके असामयिक निधन पर विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलबीर तोमर, भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव रघुवर दयाल गोहिया, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय, वरिष्ठ पत्रकार बलजीत ठाकुर, सीहोर क्लब के सचिव शैलेंद्र पहलवान, जुगल किशोर पटेल, नरेंद्र जोशी, सुरेश बाबू राठौर, जयमल सिंह, रामरतन शाक्य, एआर शेख मुंशी, हरीश आर्य, संतोष सिंह, डॉ. गिरीश जोशी, डॉ. ए. ए. कुरैशी, सुरेश सोनी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।असुविधा नहीं होंगी। श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में कानून नाम की कोई व्यवस्था नहीं रही। बेरोजगारी बड़ती जा रही है।सवांददाता के सवाल पर उन्होंने बताया कि जहां उनकी पार्टी मजबूत है वहां पर लोसपा अपने प्रत्याशियों को उतारेगी। वार्ता में राष्ट्रीय महामंत्री श्याम सुंदर यादव व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीरवी समाज गांधीधाम वडेर में भादवी बीज का महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

पुष्पाजंली टुडे

**गांधीधाम।** सीरवी समाज गांधीधाम आईमाता मंदिर में कुलदेवी श्री आई माताजी का प्रोकटत्सव भादवी बीज को बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। यहा इस पर्व पर सीरवी समाज में उत्साह उमंग का भक्ति भाव का नजर आया। माताजी के प्रकृट उत्सव पर मंदिर परिसर को विशेष श्रृंगारित किया गया। महाप्रसादी का भोग लगाया। आई भक्तों द्वारा गादी पाठ की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर रामलाल मोतीलाल परिवार द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढ़ाकर धर्म लाभ लिया। खेतलाजी मंदिर पर ध्वजा का लाभ नेमाराम तिलोकचंद काग ने लिया। पूर्व संध्या पर भजन गायकों ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन संध्या में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने धार्मिक चढ़ावे की बोलियां ली गई। जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर



भाग लेकर महत्ती भूमिका निभाने का सोभाग्य प्राप्त हुआ। मंचीय कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का संस्था द्वारा राजस्थानी परंपरानुसार स्वागत सत्कार किया गया। संस्था के अध्यक्ष रामलाल सेंणचा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज से अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चें समाज की अमूल्य धरोहर है। इनमें समाज के संस्कारों का बीजारोपण करना हमारा हम सब की जिम्मेदारी है। सचिव प्रेम कुमार परमार ने पिछले साल की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने समाज के सभी लोगो से सप्ताह में कम से कम एक एक बार आईमाता के दर्शन करने का अनुरोध किया। कोषाध्यक्ष खेताराम सोलंकी ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। इस मौके पर उपाध्यक्ष शेषाराम मुलेवा, सहसचिव पुनाराम आगलेचा, सह-कोषाध्यक्ष मुकेश सेंणचा एवं कार्यकारिणी सदस्य नेमाराम काग, तुलसाराम काग एवं महिला मंडल समेत समाज के अनेक गणमान्य मौजूद थे। इस महोत्सव में समाज बंधुओ ने सह परिवार प्रसादी ग्रहण किया।

# गौशालाए लूट का अड्डा बन गई है,इन्हें बंद कर किसानों को गाय सौपी जाए : रघु ठाकुर

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघु ठाकुर ने सर्किट हाउस पर प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि गौ शालाए लूट का अड्डा बन गई है,गौ शालाओं में सरकार जो पैसा डालती है उसे गौशाला के मालिक उस धनराशि को हड़प लेते हैं, सड़कों पर लावारिस की तरह घूमने वाली गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाए होती रहती हैं,इन गौ शालाओं को बंद करके किसानों को गाय सौपी जाए और एक गाय पालने पर उस किसान को प्रतिमाह 3000 रुपये दिये जाए । श्री ठाकुर ने कहा कि ऐसा करने से गौ वंश की रक्षा होगी और 3000 रुपये मिलने से गाय को पालने वाले किसान को कोई

# पी.पी.जी.आई, में रही युवा उत्सव की धूम






पुष्पांजली टुडे

रीवा। सितंबर माह में कॉलेजों में युवा उत्सव की धूम रहती है। पढ़ाई से इतर विद्यार्थियों को रंगोली, गायन, नृत्य सहित अन्य विधाओं में अपनी कला के प्रदर्शन का मौका मिलता है,हर तरफ युवा उत्सव की छटा बिखरती है। प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं की कला को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा उत्सव का आयोजन किया जाता है हर वर्ष युवा उत्सव में विद्यार्थी सांस्कृतिक, सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है । 22 विधाओं में विद्यार्थियों को अंतर कक्षा महाविद्यालय स्तर, अंतर महाविद्यालय जिला स्तर, अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर एवं अंतर विश्वविद्यालय राज्य स्तर पर कला दिखाने का मौका मिलता है। आज शहर में स्थित पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑड़ इंस्टीट्यूशन मे युवा उत्सव के अंतर्गत 22 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इसमें रंगोली, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, स्पॉट पेंटिंग, मूर्तिकला, कार्टूनिंग, मिमिक्री, मूक अभिनय, हास्य नाटिका, एकांकी, एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, एकल गायन पाश्चात्य, समूह गायन भारतीय, समूह गायन पाश्चात्य, एकल नृत्य शास्त्रीय, समूह नृत्य, वाद-विवाद, प्रश्नमंच सहित अन्य विधा शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय स्थान आने वाले अंतर महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। आज की प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी.एन. त्रिपाठी ने उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आगे की प्रतियोगिताओं में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिन प्रतिभागियों ने सफलता अर्जित नहीं की उन्हें प्रेरित किया। आज के इस युवा उत्सव कार्यक्रम में शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी, पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा शुक्ला, पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ लॉ के प्राचार्य डॉ प्रकाश नारायण शर्मा साथ ही सभी विभाग के विभागाध्यक्ष ,सहायक प्राध्यापक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण की मजबूती के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ महिलाओं को मिलेगी ताकतः संध्या राय

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन



एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा की पूर्व में प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लोकसभा और राज्यसभा सदन में लेकर आए थे जिसका तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य विरोधी दलों विरोध करते हुए महिलाओं के आरक्षण को रोककर उनके विकास को आगे नहीं बढ़ने दिया। अब जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नई संसद भवन में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनकी अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में किया है अब लोकसभा और राज्यसभा में हमारा बहुमत होने पर इस बिल को पास किया जाएगा। इस आरक्षण से महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा और वह समाज और सेवा के लिए अपनी ताकत को मजबूती करती हुई इस सदन में बैठेगी।

## कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में खुद कांग्रेस अपने आक्रोश को व्याप्त कर रही है : ओपीएस भदौरिया

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जनआक्रोश यात्रा पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई नीति नहीं है और ना ही कोई विचार है। यह कांग्रेस की यात्रा अपने पापों को छुपाने के लिए कांग्रेस के अंदर खुद आक्रोश व्याप्त है इसीलिए जनता को झूठ बोलकर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उमंग और उत्साह के साथ सभी 230 विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा आयोजित कर रही है जनता का अपार जन समर्थन मिल रहा है इससे कांग्रेस के लोग भयभीत हैं और भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है जो कांग्रेस ने बीमारू राज्य बनाया था उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से युवाओं महिलाओं किसानों एवं सब का साथ सबका विश्वास और सबका विकास मूल मंत्र लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद कि अंत्योदय विचारधारा को लेकर विकसित राज्य बनाकर हर गरीब को आत्मनिर्भर की दिशा से जोड़ा है। मध्य प्रदेश में कोई आक्रोश नहीं है मात्र कांग्रेस अपने आक्रोश को खुद व्याप्त करती हुई इस तरह का नाटक कर रही है सबसे पहले वह अपने कांग्रेस के अंदर आक्रोश को समाप्त करें और जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हुए जनता को लाभ दिलाने का समर्थन करें।

# कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा ,कर्नाटक की तर्ज पर भाजपा को जबाब देगी प्रदेश की जनता

## निराश्रित और वृद्धा पेंशन तक में घूस खा रही है सरकार

### 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार का पतन सुनिश्चित

पुष्पांजली टुडे

रीवा विवेक तिवारी। कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश यात्रा का दूसरा दिन सिरमौर विधानसभा के सितलहा से शुरू हुआ। सितलहा में कांग्रेस नेता चक्रधर सिंह के नेतृत्व में, यात्रा का स्वागत किया गया। अगली पड़ाव में यात्रा त्योंथर विधानसभा के ग्राम भुनगांव पहुंची जहां पर त्योंथर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रमाशंकर पटेल के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया और जन आक्रोश यात्रा के प्रभारी अजय सिंह राहुल का स्वागत किया गया। श्री सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की वर्तमान सरकार खरीदी हुई सरकार है, 25 से 30 करोड रुपए विधायक को देने के बाद यह सरकार बनाई गई है ये सरकार जनता की सेवा के लिए नहीं बनी है 50 प्रतिशत कमीशन की ये सरकार जनता को लूटने के लिए बनाई गई थी। त्योंथर विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया जिसमें भारी जन समुदाय एकत्र हुआ। त्योंथर के चिल्ला में बच्चों के द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया,मातृशक्तियों के द्वारा भी यात्रा का स्वागत किया गया ।जन आक्रोश यात्रा की त्योंथर में आयोजित जनसभा में भारी संख्या में जन सैलाब उमड़ा त्योंथर विधानसभा से हजारों की संख्या में लोग सभा स्थल पहुंचे। जनसभा



को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि इस भारी गर्मी में आपकी उपस्थिति यह दर्शा रही है कि रीवा जिले की आठ की आठ विधानसभा सीटें कांग्रेस की झोली में जाएंगी। कल देर रात तक सिरमौर विधानसभा में हजारों की संख्या में लोग जनसभाओं में पहुंचे थे। मैंने अपने जीवन में तमाम यात्राएं की है लेकिन इस बार परिवर्तन के जो संकेत मिल रहे हैं उससे साफ है कि जनता कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ी है और यह जनता का आह्वान है कि 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को अब हटाना है। अब जब सर्वे की रिपोर्ट आ गई है और अमित शाह ने पन्ना पलटा तब उन्हें समझ में आ गया कि मध्य प्रदेश की जनता मन बन चुकी है सरकार को पलटने का, तब शिवराज सिंह को लाडली बहन की याद आई, तब उन्होंने गैस सिलेंडर के दाम कम करने की बात कही 18 सालों में ना उन्हें लाडली बहन की याद आई थी ना गैस सिलेंडर के दाम कम करने की याद आई। जब यह पता चला कि अब जमीन खिसक चुकी है



तब झूठी घोषणाएं लेकर झूठे वादे लेकर वोट खरीदना चाहते हैं। लेकिन जनता का यह आक्रोश देखकर शिवराज सिंह भी समझ जायेंगे की उनकी सरकार की विदाई पर मोहर लग चुकी है अब फर्जी मामा को मौका नहीं मिलेगा। अजय सिंह राहुल ने कहा कि त्योंथर विधानसभा सीट में भी प्रत्याशी कोई भी हो जनता कांग्रेस के साथ है इसलिए टिकट किसी को भी मिले हमे कांग्रेस का साथ देना है। मध्य प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर ने कहा कि जन विरोधी शिवराज सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को जिसने मध्य प्रदेश को शर्मसार किया है,महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार, आदिवासियों के साथ हो रहा अत्याचार और युवा बेरोजगार घूम रहा है ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प हम सबको लेना है। विंध्य से ही यह परिवर्तन इस बार सुनिश्चित होगा। रीवा जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि आज जिस तादाद में लोग जन आक्रोश यात्रा में जुड़ रहे हैं, नुक्कड़ सभा में शामिल हो रहे हैं,जनसभाओं में इतनी भीषण गर्मी के बाद डटे हुए हैं यह सीधे संकेत है कि 50प्रतिशत कमीशन वाली शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेंकना है।सड़क पर गाय कट रही है लेकिन यह सरकार मदहोश है भ्रष्टाचार में उसे कुछ दिखाई नहीं दे रहा। हम आपको वचन देते हैं की कमलनाथ जी ने जो वचन और कांग्रेस ने जो वचन आपको दिए हैं हम उन्हें पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज लोग घरों से निकलकर सड़क पर आ रहे हैं आज लोग अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं और यह आक्रोश भ्रष्ट सरकार के खिलाफ है। मध्य प्रदेश में जब एक बच्चा पैदा होता है तब से इस सरकार में घोटाले शुरू हो जाते हैं और उसके स्कूल जाने से लेकर कॉलेज पहुंचने तक अनवरत यह घोटाले चलते हैं। आज मध्य प्रदेश का युवा रोजगार के लिए परेशान है लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है हम आपको विश्वास दिलाते हैं की अगली सरकार कांग्रेस की होगी रीवा में आठ की आठ सीट जीतकर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

**कमिश्नर ने गूगल मीट से की ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

# अधूरे आवासों का निर्माण 15 अक्टूबर तक पूरा कराने के कमिश्नर ने दिए निर्देश




**रीवा।**. रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने गूगल मीट के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में चितरंगी, देवसर, सिहावल तथा मझगवां विकासखण्डों में कार्यों की पूर्णता संतोषजनक नहीं है। विशेष प्रयास करके अधूरे आवासों का निर्माण कार्य 15 अक्टूबर तक पूरा कराएं। तीसरी किश्त जारी करने के दो माह बाद भी कई आवासों का निर्माण अधूरा है। इन्हें प्राथमिकता से पूरा कराएं। सभी अमृत सरोवरों का निर्माण भी 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। संभाग में 404 अमृत सरोवरों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के अच्छे कार्यों की फिल्म बनाकर उसका प्रचार-प्रसार करें। जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से विकास कार्यों की सफलता की कहानियाँ जारी करें। कमिश्नर ने कहा कि मनरेगा योजना से स्वीकृत 472 गौशालाओं में से 237 का ही निर्माण पूरा हुआ है। शेष गौशालाओं का निर्माण पूरा कराकर उनमें गौवंश रखने की व्यवस्था तथा व्यवस्थित संचालन के लिए पंचायतों को जिम्मेदारी दें। अप्रारंभ गौशालाओं को निरस्त करें। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ शौचालय तथा नाडेफ के निर्माण अधूरे हैं। शौचालयों में पानी की उपलब्धता की भी समीक्षा करें। खुले में शौच अब लगभग समाप्त हो गया है। इससे गांव में स्वच्छता बड़ी है। कमिश्नर ने कहा कि संबल योजना के पंजीयन में कई जनपद पंचायतें लापरवाही बरत रही हैं। पंजीयन के आवेदन महीनों लंबित रहने से हितग्राही परेशान हो रहे हैं। पात्र हितग्राहियों का तत्काल पंजीयन करें तथा अपात्र के आवेदन निरस्त करें। किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र को लंबित न रखें। आवेदन पत्रों के लंबित रहने के कारण सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें बड़ रही हैं। संबल योजना से अनुग्रह सहायता तथा अंत्येष्टि सहायता का तत्काल वितरण करें। मिश्नर ने कहा कि अंकुर योजना पंजीकृत व्यक्तियों से रोपित पौधों की तीसरी फोटो भी अपलोड कराएं। लाड़ली बहना आवास योजना तथा गैस कनेक्शन के लिए भी हितग्राहियों का प्राथमिकता से पंजीयन कराएं। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाएं। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर हर पात्र हितग्राही को इनका लाभ दें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम पंचायतों की ऑडिट अवश्य कराएं। बैठक में वर्चुअल माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा डॉ सौरभ सोनवणे, सिंगरौली राहुल धोटे, सतना डॉ परीक्षित राव, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल रहे।

# थाना नयागांव पुलिस द्वारा एक अवैध कट्टा व कारतूस सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**




**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती पूनम थापा शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में दिनांक 20/09/2023 को दौराने इलाका भ्रमण घटना स्थल रुरन तिराहे से आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा व 315 बोर का जिंदा राउण्ड जप्त किया गया तथा अपराध क्र. 89-23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नयागांव उपनिरीक्षक आलोक सिहं तोमर, सउनि मनोज कुमार,प्रधान आरक्षक केशव,आरक्षक सुशील, सुभाष, अनिल, उदयवीर,धर्मेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही ।

चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर वृद्ध महिला की गला घोटकर की हत्या

# तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, अभी पुलिस की पकड़ से बाहर

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुरैना गांव में मंगलवार की रात चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालने की मना करने पर तीन आरोपियों ने एक वृद्ध महिला की घर में घुसकर उसके परिजनों के सामने गला घोटकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है, जबकि आरोपी फरार है। आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुरैना गांव निवासी रामवती राठौर पत्नी रामगोपाल राठौर 70 वर्ष के पड़ोसी लायक सिंह प्रजापति, ऋषि प्रजापति एवं राजवीर प्रजापति प्रतिदिन उसके चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालकर ले जाते थे और महिला से रोज झगड़ा होता था। ट्रैक्टर निकालने के कारण उसका चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था। वृद्ध महिला के द्वारा रोकने टोकने के चलते तीनों आरोपियों ने मंगलवार की रात 9 से 10 बजे के लगभग महिला के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उसकी गला घोटकर परिजनों के सामने हत्या कर दी तथा परिजनों को धमकी देकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा रात्रि में ही मामले की छानबीन कर महिला के शव को पीएम हेतु भेजा। बुधवार की दोपहर पीएम के बाद महिला का शव उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर वृद्ध महिला की गला घोटकर की हत्या

**तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, अभी पुलिस की पकड़ से बाहर**



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुरैना गांव में मंगलवार की रात चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालने की मना करने पर तीन आरोपियों ने एक वृद्ध महिला की घर में घुसकर उसके परिजनों के सामने गला घोटकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है, जबकि आरोपी फरार है। आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुरैना गांव निवासी रामवती राठौर पत्नी रामगोपाल राठौर 70 वर्ष के पड़ोसी लायक सिंह प्रजापति, ऋषि प्रजापति एवं राजवीर प्रजापति प्रतिदिन उसके चबूतरे पर से ट्रैक्टर निकालकर ले जाते थे और महिला से रोज झगड़ा होता था। ट्रैक्टर निकालने के कारण उसका चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया था। वृद्ध महिला के द्वारा रोकने टोकने के चलते तीनों आरोपियों ने मंगलवार की रात 9 से 10 बजे के लगभग महिला के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उसकी गला घोटकर परिजनों के सामने हत्या कर दी तथा परिजनों को धमकी देकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा रात्रि में ही मामले की छानबीन कर महिला के शव को पीएम हेतु भेजा। बुधवार की दोपहर पीएम के बाद महिला का शव उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

# एम. एल. फूड्स तेल मिल के विरुद्ध ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**-मामला प्रदूषित पानी से फसल बर्बाद होने एवं पशुओं के मारे जाने का**



**मुरैना।** मुख्यालय से ग्वालियर मार्ग पर ग्राम पंचायत करुआ में स्थित एम. एल. फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जहरीला पानी आसन नदी में छोड़ने एवं अपविष्ट कचरा गांव पंचायत करुआ में डालने से खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है तो वहीं आम जनता बदबू के कारण जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रही है। इसके साथ ही पशुओं में तमाम रोग फैल रहे हैं जिसकी बजह से अब तक अनेक पशुओं की मौत हो चुकी है तथा नदियों का पानी प्रदूषित होने से हजारों की तादाद में मछली मर चुकी है। फैक्ट्री प्रबंधन पर कार्रवाई को लेकर बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने अब रोड स्थित न्यू कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की।करूआ के सरपंच होतम सिंह कुशवाह के नेतृत्व में बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और बताया कि ग्राम पंचायत करूआ में स्थित एम. एल. फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा ग्राम पंचायत में अपशिष्ट कचरा एवं जहरीला पानी नदी में छोड़ने के लिए पाइपलाइन डालने के प्रयास किया जा रहे हैं, जिससे नदी में जहरीला पानी जाने से जलीय जीव जंतु को मरने की संभावना है तथा नदी का पानी कोतवाल डैम में जाता है, जिसकी सप्लाई मध्य प्रदेश जलमिशन द्वारा मालनपुर तक पीने के उपयोग के लिए किया जाता है। आसपास के अन्य गांव में नदी से पानी का उपयोग पीने एवं अन्य कार्यों के लिए किया जाता है। उल्लेखनीय है कि उक्त क्षेत्र में हजारों की संख्या में परिवार रहते हैं तथा पास में ही स्टेडियम एवं सीबीएसई विद्यालय संचालित है, ऐसे में यहां फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषित पानी की बदबू से लोग परेशान हैं तथा बीमार हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, जिसका खामियाजा इस क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

# कर्मचारियों को पेंशन नहीं विधायक सांसदों को पेंशन, राकेश कौरव को जिताओगे तो यह पेंशन नहीं लेंगे- रघुठाकुर

**लोसपा के मेहगांव से घोषित प्रत्याशी के समर्थन में रघु ठाकुर ने की आम सभा**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रदेश में कई स्थानों पर कर्मचारी पुरानी पेंशन को लेकर हड़ताल पर हैं कई वर्षों से कर्मचारियों की पेंशन बंद है कर्मचारी यदि एक दिन हड़ताल पर चला जाए तो उसकी तनख्वाह कट जाती है जबकि विधायक और सांसदों को बगैर कार्य किया पूरा वेतन दिया जाता है यह बात देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक व विचारक लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक श्री रघु ठाकुर ने अमायन में एक आम सभा को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया ने कहा था कि सड़के मौन हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगी, आज डॉ लोहिया की कहावत सच हो रही है आज सड़कें मौन हैं और सांसद और विधानसभा आवारा हो गई है जो मन में आए वही कर रहे हैं तीन दिन का संसद सत्र, 2 दिन का विधानसभा सत्र, तनख्वाहें पूरी किस बात के लिए ली जा रही है कर्मचारी हड़ताल करता है और ड्यूटी पर नहीं जाता तो तनख्वाह कट जाती है मेंबर ऑफ पार्लियामेंट मेंबर ऑफ विधानसभा की कोई तनख्वाह नहीं कटती। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी को यदि ताकत मिल गई तो विधायक और सांसदों की पेंशन बंद कर देंगे। उन्होंने गायों पर बोलते हुए कहा कि सड़कों पर गौ माता कई स्थानों पर कटी हुई मिलती हैं गौशालाओं के नाम पर कांग्रेस और भाजपा के लोग भ्रष्टाचार करते हैं उन्होंने आगर मालवा को अन्य स्थानों की गौशालाओं का उदाहरण देते हुए कहा के वहां कई सैकड़ा गए मर गई पोस्टमार्टम से पता चला के गायों की मौत भूख और प्यास से हुई भाजपा कांग्रेस के लोग गायों का भूसा चार खाकर भ्रष्टाचार में सन्लिप्त हैं। उन्होंने गायों की रक्षा के लिए एक सिद्धांत भी बताया उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने एक सिद्धांत बनाया है कि किसान को दो गाय दी जाएं और उनके पालने के लिए प्रति गाय तीन हजार रुपए, दो गायों के 6 हजार रुपए, साल का 72 हजार रुपए दिए जाए तो गाय भी बच जाएंगी और किसान की भी आमदनी बढ़ जाएगी तथा भ्रष्टाचार भी नहीं होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की घोषणाओं के संबंध में बोलते हुए कहा के मुख्यमंत्री के द्वारा तीन बार अमायन को तहसील एवं नगर पंचायत बनाने की घोषणाएं की गई थी परंतु आज तक उन घोषणाओं पर अमल नहीं किया गया। उन्होंने स्थानीय मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि पहले भी अमायन की गलियों के गड्ढों में कीचड़ और दलदल हुआ करता था और आज भी अमायन की गलियों के गड्ढों में कीचड़ व दलदल है उन्होंने कहा कि प्रदेश में झूठों की सरकार है मुख्यमंत्री हमेशा झूठी घोषणा करते हैं। सभा को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंभू दयाल बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जो मुख्यमंत्री 18 वर्ष से बैठा है वह झूठा मुख्यमंत्री है लाडली बहन के नाम पर 1000 रुपए बांट रहे हैं 18 वर्ष से बहनों की याद क्यों नहीं आई, 18 वर्ष से प्रदेश को लूटने का कार्य किया जा रहा था उन्होंने कहा कि इनसे पैसे भी ले लो और इन्हें वोट भी मत दो उन्होंने पार्टी से घोषित प्रत्याशी राकेश कौरव का समर्थन करते हुए कहा कि हमारी पार्टी का प्रत्याशी राकेश कौरव है जो बहुत ही ईमानदार व आपके के बीच का है यह आपकी बात विधानसभा में ईमानदारी के साथ रखेगा। सभा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, निसार कुरैशी एवं लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी से घोषित प्रत्याशी राकेश कौरव ने भी संबोधित किया। इस दौरान गंभीर सिंह, असगर खान, नौशे खान, राघवेंद्र सिंह जादौन, तोफिक खान, माधो सिंह बरेठा, देशराज सायना, अतर सिंह जाटव नेताजी, तेज सिंह कुशवाह अड़ोखर, राजू खान चिरोल, बद्री सिंह कौरव पंडा जी चिरोल, नौशे खान सोनू भदौरिया गाता, लज्जू बोहरे कनाथर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे




# न्यूनतम मानदेय 26 हजार दो : सीटू ,झूठी घोषणाएं बन्द करो





**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**न्यूनतम मानदेय 26 हजार रुपए किया जाय मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका काम पूरा करती है इसलिए समान कार्य के लिए समान मानदेय का सिद्धांत को लागू किया जाए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 जून को घोषणा की थी कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को शासकीय कर्मचारियों के समान स्वास्थ सुविधाएं दी जायेगी दुर्घटना वीमा 5 लाख रुपए दिए जायेंगे अगस्त में जब लिखित आदेश आया तो दोनों योजनाएं गायब थी जिला में 500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पिछले 8 महा से मानदेय नही मिला है एक वर्ष से आंगनबाड़ी केंद्र का भवन भाडा नहीं अया है कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने कहीआंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन सीटू ने राज्य व्यापी आह्वान पर 20 सितंबर को जिलाधीश कार्यालय पर दोपहर 2 बजे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम क्षापन जिलाधीश के प्रतिनिधि तहसीलदार को ज्ञापन सौंपाजिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन को सम्बोधित करते यूनियन की जिला संयोजक साधना भदौरिया ने कहा हम लोगों से आंगनबाड़ी केंद्र चलाने के साथ अन्य विभागों के कार्य करा रही है जो गलत है सीटू जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सेंगर ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भाजपा की प्रदेश सरकार कम मानदेय देकर आर्थिक शोषण कर रही है वह भी समय पर न देकर और शोषण को बढा रही हैआज आन्दोलन का नेतृत्व ऊषा त्यागी आमना खातून सीमा जाटव ललित चौहान रेखा श्रीवास्तव ऊषा यादव सुनील राजावत संध्या शर्मा शीला सीरोठिया हेमलता भदौरिया साधना तोमर मधूवाला किरण चौहान रशमी नरवरिया आदि ने किया।

# घर से ट्रेक्टर लेकर निकले युवक की हुई संदिग्ध मौत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गोहदः** घर से ट्रेक्टर लेकर निकले युवक की संयुक्त परिस्थितियों में मौत हो गई जानकारी के अनुसार युवक मोनू पुत्र जनक सिंह तोमर अपनी ट्रैक्टर को लेकर गोहद से लोधे की पाली की ओर गया था जहां उसकी संदिग्ध मौत हो गई जिस पर गोहद चौराहा पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है फरियादी यदुवीर सिंह तोमर को एक राहगीर द्वारा फोन करके सूचना दी गई की कनीपुरा एवं लोधे की पाली के बीच सड़क के किनारे चचेरा भाई घायल अवस्था में पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही फरियादी यदुवीर सिंह तोमर कनीपुरा की ओर जाने लगे तभी घटना में घायल मोनू को लेकर 108 एम्बुलेंस स्टेशन के पास आती हुई दिखी जिसे देखकर यदुवीर सिंह भी गोहद अस्पताल आए जहां डॉक्टर ने चचेरे भाई मोनू को मृत घोषित कर दिया जिससे पूरा परिवार में शोक की लहर दोड़ गई गोहद चौराहा पुलिस ने मर्ग काम करते हुए विवेचना में लिया है

# हुण्डई एक्सेंट कार से 26 पेटी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने जौरा रोड स्थित मां बेटी चौराहा पर मंगलवार की देर शाम एक कार से 26 पेटी अवैध देशी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त की जा रही कर को भी जप्त कर लिया है।पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले भर में अवैध शराब विक्रय व परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी सिविल लाइन वीरेश सिंह कुशवाह को सूचना मिली कि एक कार क्रमांक एमपी 04 सीई 2670 स्लेटी रंग की, जिसमें अवैध शराब भरी हुई है, जौरा तरफ से मुरैना तरफ आ रही है। सूचना पर से उन्होंने पुलिस टीम के साथ माँ बेटी चौराहा पर नाकाबंदी की। थोडी देर बाद ही मुखबिर के बताये अनुसार कार क्रमांक एमपी 04 सीई 2670 स्लेटी रंग की आती दिखी, जिसे रोककर तलाशी ली गई तो गाड़ी में 26 पेटी देशी शराब कुल 234 बल्क लीटर कीमती करीबन 71 हजार 500 रूपये की रखी मिली। पुलिस ने आरोपी मनोज गुर्जर निवासी सुमावली को गिरफ्तार करते हुए शराब एवं कार को जप्त कर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन वीरेश सिंह कुशवाह, उप निरी. धर्मेन्द्र सिंह गौर, प्र.आर. सुनील चौधरी, आर. संजय सिंह, जितेन्द्र तोमर, मुनेन्द्र सिंह चौहान की विशेष भूमिका रही।

# जीएसटी टीम ने तीन प्रतिष्ठानों पर मारे छापे, लाखों की जीएसटी चोरी होने की संभावना




**मुरैना।** मुख्यालय पर बुधवार की दोपहर जीएसटी विभाग की ग्वालियर एवं मुरैना इकाई ने तीन प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर उनके कागज सर्च किए जा रहे थे तथा देर शाम तक कार्यवाही जारी थी। माना जाता है कि लाखों रुपए जीएसटी चोरी की गई है, जिसकी पड़ताल अधिकारी कर रहे हैं।बुधवार की दोपहर जीएसटी विभाग के नारायण लालवानी एवं ग्वालियर से आए कुछ अन्य अधिकारियों ने संजय कॉलोनी स्थित दांगी बाबा ट्रेडिंग कंपनी पर छापा मारा, लेकिन उसका मालिक बाहर था, इसलिए कार्रवाई को स्थगित कर दी तथा अधिकारियों ने कहा कि अब सम्मन देकर उन्हें हेड ऑफिस बुलाया जाएगा। इसके पश्चात जीएसटी विभाग की टीम ने एमडी स्क्रैप बनाने वाली कंपनी एवं बांके बिहारी ट्रेडर्स मुरैना पर छापा मारा तथा वहां से कागजों को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इंदौर हेड ऑफिस के अधिकारियों को काफी शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर निर्देश मिलने के पश्चात ग्वालियर एवं मुरैना की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। सूत्र बताते हैं कि उक्त तीनों फर्मों द्वारा लाखों रुपए जीएसटी का चोरी किया गया है। उल्लेखनीय की मुरैना जिले में सैकड़ो की संख्या में ऐसी ऐसी फर्म संचालित है, जिनके द्वारा वर्ष भर में करोड़ों रुपए का लेनदेन किया जा रहा है, लेकिन जीएसटी की भारी चोरी की जा रही है और वह अभी तक विभाग की कार्रवाई से बचे हुए हैं।

# बेहद उत्साहित हैं रश्मि देसाई



टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने बताया कि वह गणपति बप्पा के आगमन से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंवने कहा कि वह बचपन से ही उनकी पूजा करती आ रही हैं। अभिनेत्री ने कहा हर साल की तरह, इस साल भी मैं बेहद उत्साहित और खुश हूं। मैं बचपन से ही बप्पा की पूजा करती आ रही हूं और वह मेरे जीवन का अभिन्न अंग हैं। हर तरह से गणपति बप्पा हमारे धर्म में सर्वोच्च प्रासंगिकता रखते हैं। उन्होंकने कहा, न केवल उन्हें शुभ माना जाता है, बल्कि कहा जाता है कि प्यारे बप्पा की पूजा के बिना कोई भी पूजा पूरी नहीं हो पाती। कोविड-19 के कारण, कुछ वर्षों में उत्सव में रुकावट आई थी। हालांकि, भगवान की कृपा से चीजें वापस पटरी पर आ गई हैं और मैं बेहद उत्साहित हूं।

रश्मि ने कहा, मैं बप्पा को अपने घर लाने जा रही हूं। मैं कुछ विशेष स्थानों पर जाने की भी सोच रही हूं। बप्पा की अच्छे से पूजा करना महत्वपूर्ण है। हालांकि, हमें उत्सव के लिए जारी किए गए आवश्यक दिशानिर्देशों का भी पालन करना होगा। अपने बचपन की मजेदार यादों के बारे में बात करते हुए रश्मि ने कहा, हमारा परिवार बचपन से ही गणपति बप्पा का त्योहार मनाता आ रहा है और बचपन के दिनों से ही मुझे उनके साथ एक गहरा संबंध महसूस हुआ। मैं हमेशा अच्छे काम करने की कोशिश करती हूं ताकि मेरे और मेरे परिवार के साथ उनका आशीर्वाद बना रहे। कोई भी वास्तव में पूर्ण नहीं है। हालांकि, हम सभी उस तरह बनने का प्रयास कर सकते हैं।

# विक्रांत मैसी जल्द ही बनने वाले हैं पापा



बॉलीवुड एक्टर विक्रांत मैसी और उनकी पत्नी शीतल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। एक सूत्र ने आईएएनएस को कपल के जल्द पेरेंट्स बनने की खबर की पुष्टि की। सेलिब्रिटी पेपराजी विरल भयानी ने भी इंस्टाग्राम पर कपल की एक तस्वीर के जरिए यह खबर साझा की। तस्वीर पर कैप्शन था,इस खूबसूरत कपल के लिए अच्छी खबर। हालांकि विक्रांत मैसी और शीतल ठाकुर ने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके करीबी दोस्तों ने हमें प्रेग्नेंसी की खबर की पुष्टि की है। बधाई हो।

# सिंघम अगेन में काम करेंगी करीना कपूर



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर फिल्म सिंघम अगेन में काम करती नजर आ सकती हैं। जाने-माने निर्देशक रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म के जरिये अजय देवगन सिंघम के रूप में वापस आएंगे, उनके साथ रणवीर सिंह सिम्बा और अक्षय कुमार सूर्यवंशी के रूप में शामिल होंगे। चर्चा है कि करीना कपूर सिंघम रिटर्न्स के अपने ट्रेक को जारी रखते हुए, अजय देवगन की पत्नी की भूमिका निभाने के लिए सिंघम फ्रेंचाइजी में वापस आ गई है। वह फिल्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हुयी नजर आयेंगी।सिंघम अगेन की शूटिंग अगले छह महीनों की अवधि में भारत और विदेशों में की जाएगी।अर्जुन कपूर इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभाएंगे।



# टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपथ का नया पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म गणपथ का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपथ- राइज ऑफ द हीरो में टाइगर श्राफ के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म का पोस्टर टाइगर श्राफ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। उन्होंने पोस्टर शेयर कर लिखा,उसको कोई क्या रोकेगा...जब बप्पा का है उसपर हाथ आ रहा है गणपथ...करने एक नई दुनिया की शुरुआत, #गणपथ आ रहा है#गणपथ इस दशहरा, 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में।

फिल्म गणपथ के पोस्टर में टाइगर श्रॉफ का दमदार लुक देखने को मिल रहा है। पोस्टर में टाइगर के बाल बिखरे है और उन्होंने आंखों में सूरमा लगा रखा है।

गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ-राइज ऑफ द हीरो का निर्माण वाशु भगनानी, जेकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने गया है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

# आशिका भाटिया ने बॉलीवुड प्लान का किया खुलासा

सलमान खान की 2015 की बॉक्स-ऑफिस हिट फिल्म 'प्रेम रतन धन पायो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस आशिका भाटिया ने हाल ही में बॉलीवुड में और अधिक काम करने की अपनी योजना के बारे में खुलासा किया।उसी के बारे में बात करते हुए, आशिका बताती हैं कि उनके लिए किरदार कितना मायने रखता है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने टैलेंट पर फोकस करती हूं। मैं ऐसी फिल्में करूंगी, जहां मुझे मजबूत किरदार निभाने को मिलेंगे। मैं अपनी पर्सनैलिटी के आधार पर कोई किरदार निभाना पसंद करूंगी। यह पूछे जाने पर कि क्या 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म का हिस्सा बनने के बाद उन्हें दबाव महसूस होता है, एक्ट्रेस आत्मविश्वास से जवाब देती हैं, मुझे नहीं लगता कि 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्म में काम करने से मुझ पर बेहतर काम करने का दबाव बढ़ा है। लेकिन, इसने निश्चित रूप से मुझे ऐसे और प्रोजेक्ट करने के लिए प्रेरित किया है और मुझे लगता है कि यह अच्छा है।' आशिका ने वेब-सीरीज में काम करने के अपने खुलेपन के बारे में भी खुलासा किया, जो आजकल आम बात लगती है, मुझे क्राइम थ्रिलर सीरीज और हॉरर सीरीज भी देखना पसंद है। मैं एक मजबूत किरदार निभाना चाहूंगी जहां मैं अपनी एक्टिंग स्किल दिखा सकूं।



# परिणीति चोपड़ा ने गणेश चतुर्थी की दीं शुभकामनाएं

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा, जो आप नेता राघव चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं, ने गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं दी हैं। परिणीति ने मंगलवार सुबह अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भगवान गणेश की तस्वीर साझा की और लिखा, गणपति बप्पा मोरया। परिणीति की शादी की तैयारियां जोरों पर हैं। परिणीति के मुंबई अपार्टमेंट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनके घर को लाइटिंग से सजाया गया है। राघव का घर भी जगमगाया हुआ है, जिसकी वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। उनके घर को अरदास और कीर्तन जैसी रस्मों के लिए सजाया जा रहा है। इस साल की शुरुआत में, परिणीति और राघव की सगाई हुई थी, जिसमें प्रियंका चोपड़ा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जैसी हस्तियां शामिल हुई थीं। खबरों के मुताबिक, शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन के परिवार वालों के बीच क्रिकेट मेच आयोजित किया गया है। हाल ही में उनकी शादी के रिसेप्शन कार्ड की एक तस्वीर वायरल हुई थी। दोनों 24 सितंबर को उदयपुर में शादी करने वाले हैं।



बहुरंग

# एसएस राजामौली ने 'मेड इन इंडिया' का किया ऐलान

फिल्म निर्माता एसएस राजामौली ने दादा साहब फाल्के पर बायोपिक 'मेड इन इंडिया' की घोषणा की है, जिसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता नितिन कक्कड़ करेंगे। इंस्टाग्राम और एक्स पर, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट का टीजर शेयर किया, राजामौली ने कहा कि बायोपिक बनाना टफ है। राजामौली ने वीडियो को शेयर करते हुए केप्शन दिया, जब मैंने पहली बार नरेशन सुना तो मैं काफी इमोशनल हो गया।

बायोपिक बनाना कठिन काम है और फादर ऑफ इंडियन सिनेमा पर बनाना और भी चेलेंजिंग है। मेरी टीम इसके लिए तैयार है और कमर कस चुकी है। बेहद गर्व के साथ 'मेड इन इंडिया' प्रेजेंट कर रहा हूं।' 'मेड इन इंडिया' भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के पर आधारित है। यह फिल्म छह भाषाओं - मराठी, तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण मैक्सस्टूडियो के वरुणगुप्ता और शोइंग बिजनेस के एसएस कार्तिकेय द्वारा किया जाएगा।



दिलचस्प

# गणेश चतुर्थी मेरे दिल के करीब है: सायली सालुंखे

एक्ट्रेस सायली सालुंखे वर्तमान में शो 'बातें कुछ अनकही सी' में वंदना के रूप में नजर आ रही हैं। वह गणेश चतुर्थी त्योहार के लिए उत्साहित हैं और उन्होंने बताया कि यह उनके लिए कितना महत्व रखता है। पूरे देश में 'गणपति बप्पा मोरया' की गूंज है और लोग भगवान गणेश के स्वागत के लिए ढोल और नगाड़ों की धुन पर नाच रहे हैं। इस मौके पर सायली ने कहा, गणेश चतुर्थी एक ऐसा त्योहार है, जिसका हम पलकें बिछाए इंतजार करते हैं। एक महाराष्ट्रीयन होने के नाते, यह त्योहार मेरे दिल के और भी करीब है और इसे उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं अपने परिवार के साथ पंडालों में जाकर और बप्पा से आशीर्वाद मांगकर त्योहार मनाऊंगी। शो 'बातें कुछ अनकही सी' स्टार प्लस पर प्रसारित होता है और इसमें सायली के अपोजिट एक्टर मोहित हैं। यह 30 और 40 साल के दो व्यक्तियों की कहानी है। सायली को 'बहुत प्यार करते हैं', 'स्पाई बहू' और 'मेहंदी है रचने वाली' में उनके काम के लिए जाना जाता है।





# 'केबीसी 15' में बिग बी ने लोगों को किया प्रेरित

क्विज बेस्ड रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के होस्ट अमिताभ बच्चन ने 26वें एपिसोड की शुरुआत एक भाषण के साथ की, जिसमें उन्होंने कहा कि कैसे आज के डिजिटल युग में हम अपने जीवन को सोशल मीडिया की तरह आसान बना सकते हैं। बिग बी ने कहा, हम चाहें तो आज के सोशल मीडिया के युग में निम्नलिखित तरीके से अपने जीवन को सोशल मीडिया जितना ही आसान बना सकते हैं। हमारे जीवन का पन्ना प्रयास और कड़ी मेहनत की कहानियों और पोस्ट से भरा रहे।

जीवन की स्थिति में परिश्रम अवश्य पढ़ना चाहिए। एक्टर ने कहा, प्रेरणा, आशा और समर्पण हमारी फ्रेंड्स लिस्ट में रहें। साहस और शक्ति हमारे फॉलोअर्स बनें। क्या हम अपनी जीतों को टेग करने और अपने लक्ष्य निर्धारित करने में सक्षम हो सकते हैं और अपनी चुनौतियों से पूछ सकते हैं, 'आपके दिमाग में क्या है? एक्टर ने आगे कहा: उस स्पेस को जीवन की एक तस्वीर से भरें।

जिसमें हम निगेटिविटी को हटा सकें, पॉजिटिविटी का फिल्टर लगा सकें और अपने जीवन को उज्जवल बना सकें! और भी बहुत कुछ है... हमारा हर प्रयास वायरल हो जाए। हमें ढेर सारे लाइक और प्रार्थनाओं के दिल वाले इमोजी मिलें। अगर हमारे नाम के बाद आत्मविश्वास का ब्लू टिक लग जाए तो जीवन में ऐसी कोई स्थिति नहीं है जो आपके जुनून को लॉग आउट कर सके! आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। 'कौन बनेगा करोड़पति 15' सोनी पर प्रसारित होता है।

माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के नए भवन का हुआ लोकार्पण

# विश्वविद्यालय अन्य संस्थाओं के लिए बनेगा रोल मॉडल :कुलपति प्रो. के.जी.ड़सुरेश

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर के भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप माननीय जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इस कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से जुड़े। उन्होंने विश्वविद्यालय के रीवा परिसर के निर्माण पर विद्यार्थियों एवं प्रदेश को शुभकामनायें प्रेषित की। अतिथि गणों का स्वागत विश्वविद्यालय परिसर में बैगा जनजाति के ढोल-बाजे के द्वारा भव्य रूप में किया गया।







जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अपने उद्बोधन में रीवा परिसर के लोकार्पण को विंध्य में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने डिग्री कॉलेज, मेडिकल, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थानों के विकास की कड़ी में रीवा परिसर एक और उपलब्धि बताया। बिल्डिंग के आर्किटेक्चर की सराहना करते हुए बिल्डिंग निर्माण के संघर्ष को भी स्मरण किया। शुक्ल जी ने माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय को शिक्षा और समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वविद्यालय से और व्यापक भूमिका का आह्वान किया। जनसंपर्क मंत्री ने तत्काल प्रभाव से परिसर में बालिका छात्रावास एवं शिक्षक आवास के निर्माण की भी घोषणा करते हुए परिसर में भूमि पूजन भी किया गया। जनसंपर्क मंत्री ने परिसर के नव निर्मित टीवी स्टडियो ÷एमसी यूदर्शन÷ का भी उद्घघाटन कर शिक्षक कपिल देव प्रजापति के नेतृत्व में एमए-जनसंचार की विद्यार्थी प्राची पाण्डेय को साक्षात्कार देकर टीवी स्टूडियो का आरंभ किया। इस अवसर पर परिसर में पौधा रोपण भी किया।कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. के.जी. सुरेश ने अपने संबोधन की शुरुआत में माननीय मुख्यमंत्री एवं विशिष्ट अतिथि गणों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि इंडिया टुडे की रैंकिंग में माखनलाल विश्वविद्यालय टॉप 10 में आता है और यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने रीवा परिसर के निर्माण की तेजी को सराहते हुए परिसर की प्रशंसा की और आने वाले दिनों में परिसर को अधिक व्यापक और भव्य रूप देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भोपाल एवं रीवा परिसर में ग्रामीण पत्रकारिता एक अहम भूमिका निभा रही है।ड़माखनलाल विश्वविद्यालय के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रदेश के गांव-गांव तक माखनलाल विश्वविद्यालय ने कंप्यूटर की शिक्षा को पहुंचाया है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय केंद्र और राज्य शासन से अनुदान दिए बगैर अपने बलबूते पर कर्मचारियों का वेतन भी देता है और परिश्रम का निर्माण भी करता है। यह पूरे देश के विश्वविद्यालयों के लिए स्वायत्तता के दृष्टि से एक रोल मॉडल है।विश्वविद्यालय अकादमिक मेंटर डॉ. मणिकंठन नायर ने विश्वविद्यालय की अबतक की विकास यात्रा के बारे में बताया जबकि रीवा परिसर के अकादमिक प्रभारी डॉ. सूर्य प्रकाश नें रीवा परिसर का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पूर्व मंत्री एवं रीवा महाराज मंत्री पुष्पराज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश्वर पांडे और कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने भी कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को डॉक्टर केजी सुरेश द्वारा स्मृति चिन्ह देखकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर सूर्य प्रकाश द्वारा रचित पुस्तक ÷मैं कवि नहीं÷ का भी विमोचन किया गया। इस लोकार्पण समारोह में रीवा संभाग के अनेक प्रबुद्ध नागरिक एवं विश्वविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन रीवा परिसर के प्रशासनिक अधिकारी डॉ बृजेन्द्र शुक्ल ने किया जबकि आभार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉक्टर अविनाश बाजपेयी जी ने व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि, इस कार्यक्रम में उप कलसचिव दीपेन्द्र बघेल, प्रशासनिक प्रभारी डॉ. ब्रजेन्द्र शक्ल, सहायक प्राध्यापक संदीप भट्ट, रवि साहू सहित फैकल्टी, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजन के उपलक्ष में ग्राम सदका तहसील भांडेर में किया गया विश्वकर्मा पुराण कथा का आयोजन



उप संपादक महेंद्र शर्मा
पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड।**सदका तहसील भांडेर में दतिया ग्रामीण अध्यक्ष कालीचरण विश्वकर्मा द्वारा 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजन के उपलक्ष में 20 सितंबर को विश्वकर्मा पुराण तथा कथा का आयोजन किया गया जिसमें कई प्रवचन करता एवं दूर-दराज से श्रोतागण पधारे इस बीच मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा जन संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ वेताल सिंह विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष नीतू अजय विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष रानी विश्वकर्मा, संभागीय उपाध्यक्ष भूरे विश्वकर्मा,मौ नगर अध्यक्ष डॉ गोविंद विश्वकर्मा, भांडेर अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा, दतिया विधानसभा अध्यक्ष कल्यान विश्वकर्मा, ज्ञानचंद विश्वकर्मा जी, प्रचार मंत्री उग्रसेन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा, सुरक्षा मंत्री करतार विश्वकर्मा एवं कार्यक्रम का संचालन राहुल विश्वकर्मा सोपता वालों ने किया



रोड़ नहीं तो वोट नहीं, जिला मुख्यालय पर गुंज उठा नारा

## आजादी के 77 साल के बाद भी रोड़ नहीं बनने से दसनावाल आमली फाल्या के लोगों में आक्रोश

मुन्ना खान ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**खरगोन।** विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा हैं, वैसे - वैसे ही लोगों की समस्या खुलकर सामने आ रही हैं, ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत गोगावा के ग्राम दसनावाल आमली फाल्या का आया है, जहां पर रोड़ नहीं होने से ग्रामीण बहुत ज्यादा परेशान हैं, जिससे दसनावाल आमली फाल्या के लोगों ने निर्णय लिया है कि अगर विधानसभा चुनाव से पहले रोड़ स्वीकृत नहीं होता हैं तो विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे ने जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाया हैं कि जैसे ही चुनाव आते हैं, सभी नेता लोग वोट मांगने के लिए आ जाएंगे, चुनाव में आते हैं, रोड़ बनाने की बात करते हैं, लेकीन चुनाव जीतने के बाद, नजर नहीं आते, सिर्फ और सिर्फ झूठा आश्वासन देते हैं, वहीं सुनिल किराड़े ने कहा है कि शिक्षकों और बच्चों को स्कूलों में जानें में बहुत ज्यादा परेशानी होती हैं, दिनेश पटेल ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को इस रास्ते को लेकर कई बार अवगत करवाये, लेकीन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया, जहां पर उपस्थित, दिनेश पटेल, नेतराम पटेल, बबलू पटेल, राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे , सुनिल किराड़े, जयमाल पटेल, प्रकाश, श्याम,वेहला, नरेंद्र, मिथुन, जाकेश, बालू, रतन पटेल, देवीलाल पटेल, सहित भरी मात्रा में महिला एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खरगोन जिले की सनावद तहसील के ग्राम नगांवा मर्दना के सेंकड़ों ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर खरगोन कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया

मुन्ना खान ब्यूरो
पुष्पांजली टुडे

**खरगोन।** ग्राम पंचायत नगांवा मर्दना तहसील सनावद के ग्रामीणों ने बताया गया की उक्त गांव के मुल निवासी है सभी वर्गों के जातियों के लोग रहते हैं गत दिनों नर्मदा के प्रकोप में डुब से प्रभावित हुए हैं प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष उ अतिवृष्टि बारिश से हमारा सब कुछ बह गया नष्ट हो गया आभी ग्राम पंचायत द्वारा थोडी बहुत भोजन व्यवस्था की सहायता दि गई गांव के 360 परिवारों या नागरिकों को आभी तक पुनः बसाहट नहीं किया गया चुनाव के समय नेता उमीदवार आते हैं आश्वासन देकर चले जाते हैं इस बार ऐसा नहीं होगा हम ग्रामीणों की यह मांग ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर मोहदय को अवगत कराया जा रहा है अतः हमारी समस्या या मांग नहीं मानी तो तिन दिनों के बाद हम कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर घेराव करेंगे ग्रामीण भगवान भालसे जगदीश भालसे बलिराम भालसे गिरधारी वर्मा



## आंगनवाडी कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की विसंगतियों को दूर करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओ ने कहा कि महंगाई लगातार बड़ रही है। इस भीषण महंगाई के चलते प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के संविदा कर्मियों व अन्य श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन में जो वेतन वृद्धि सरकार ने की है उसके अनुपात में प्रदेश सरकार द्वारा आंगनवाडी कर्मियों के मानदेय वृद्धि बेहद नाम मात्र की है। इस मानदेय वृद्धि में सहायिकाओं एवं मिनी आंगनवाडी केन्द्र की कार्यकर्ताओं के मानदेय में बेहद सीमित वृद्धि के माध्यम से सरकार ने दोहरा भेदभाव किया, जिसमें एक ओर सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता पहले ही अपेक्षाकृत कम मानदेय दिये जाते थे, दूसरी ओर 2018 की वृद्धि की राशि से काटे गये राशि की वापसी के अलावा मानदेय में कोई वृद्धि ही नहीं की गयी। यूनियनों की ओर से राजधानी में विशाल प्रदर्शन कर विरोध जताये जाने के बाद मुख्यमंत्री ने इस विसंगति को स्वीकार कर इसे दुरुस्त करने की घोषणा कई बार की, लेकिन इसका आदेश आज तक जारी नही किया गया है। तभी भी कार्यकर्ताओं के मानदेय में बेहद कम वृद्धि एवं खास कर 30-35 वर्षों की सेवा के बाद सहायिका के लिये तय की गयी मानदेय एवं सहायिकाओं के बिना, सहायिका एवं कार्यकर्ता- दोनों की जिम्मेदारियों को निभाने वाली




मिनी आंगनवाडी केन्द्र की कार्यकर्ता का मानदेय किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नही है।11 जून को की गई घोषणा जिसमें आंगनवाडी कर्मियों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिये जाने की घोषणा की गयी थी, लेकिन दिनांक 28 जून 2023 को जारी आदेश में इसका उल्लेख नही है।ज्ञातव्य हो कि आंगनवाडी कर्मी सरकार की विभिन्न योजनाओं के अमल हेतु शासन के मुख्य अंग के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का काम करती है। स्वयं मुख्यमंत्री ने कई बार घोषणा की थी कि आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दे उन्हें वेतन व सुविधायें दी जावेगी, लेकिन मुख्यमंत्री जी ने ऐसा तो किया नहीं बल्कि मानदेय में केवल की वृद्धि कर दी, जिससे बढ़ी हुयी महंगाई से मानदेय की वास्तविक मूल्य में हुयी गिरावट की भरपायी भी नहीं पा रही है। उल्लेखनीय है, कि आज परिवार चलाने के लिये न्यूनतम 26,000 रुपये की जरूर है और हमारी मांग है कि सरकार हमारा न्यूनतम मानदेय 26.000 रुपये करें।आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन मध्य प्रदेश (सीटू) के आह्वान पर आज 20 सितम्बर 2023 की आयोजित प्रदेश व्यापी प्रदर्शन के माध्यम से आपसे आग्रह करती है कि निम्न मांगों का निराकरण करते हुये प्रदेश की

आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांग

(1) मानदेय वृद्धि की विसंगतियों को दूर करते हुये आंगनवाडी कर्मियों के मानदेय में अन्य विभागों में की गयी वेतन वृद्धि के अनुपात से वृद्धि की जावे। (2) सहायिकाओं को अकुशल श्रेणी के न्यूनतम वेतन के बराबर मानदेय में यायपूर्ण वृद्धि की जावे एवं मिनी केन्द्र की कार्यकर्ता को पूर्ण कार्यकर्ता के बराबर मानदेय एवं सुविधायें प्रदान किया जावे

(3) मानदेय वृद्धि की विसंगतियों को दूर करते हुये इसका आदेश त,ुरन्त जारी किया जावे।

(4) छत्तीसगढ़ की तरह आंगनवाडी कर्मियों की सेवा निवृत्ति आयु 65 वर्ष की जावे।

(5) मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल चिकित्सा एवं दुघर्टना बीमा योजना को आदेश में शामिल किया जावे।

## कांग्रेस नेता चौरसिया और बराड़ की सदस्यता हुई बहाल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर भिण्ड जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने पार्टी से निष्कासित चल रहे गोहद के अनूसूचित जाति के वरिष्ठ नेता जिला कांग्रेस महामंत्री नरोत्तम चौरसिया और किसान कांग्रेस के गोहद ब्लॉक अध्यक्ष सरदार रविंद सिंह बराड़ की कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे घर वापसी अभियान के तहत सदस्यता बहाल कर दी है। साथ ही दोनो नेताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रत्याशी को जिताने के निर्देश दिए हैं। दोनो नेताओं ने अपनी सदस्यता बहाली पर शीर्ष नेताओं का अभार व्यक्त किया है।

## मादड़ी विद्यालय में वात्सल्य अभियान और बाल हक ई-बॉक्स की शुरुआत









नरेश कुमार सिरवी पाली
पुष्पांजली टुडे

**राजस्थान।**पाली जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मादड़ी में प्रार्थना सभा के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई पाली, बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार द्वारा संचालित वात्सल्य अभियान तथा बाल हक ई-बॉक्स की जानकारी संस्था प्रधान श्री राजीव पूनियां द्वारा समस्त छात्र छात्राओं को प्रदान की गई। वात्सल्य अभियान के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए परिवार हर बच्चे का अधिकार को सुनिश्चित करने, पारिवारिक देखरेख से वंचित बच्चों को स्नेह, देखरेख, स्वास्थ्य एवं अपनत्व की पूर्ति परिवार के माध्यम से उपलब्ध करवाने के के लिए पोषक माता पिता( बनाया जा रहा है जिसके लिए पोषक माता पिता को अधिकतम 02 बालक/बालिकाओं के लिए 4000/- प्रति बालक प्रति माह सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। 18 वर्ष से कम आयु के संकट में मौजूद बालक-बालिकाओं की मदद के लिये बाल हक ई-बॉक्स पर ई-मेलके माध्यम से ऑनलाइन शारीरिक उत्पीड़न, मारपीट, नशीली दवाओं का विक्रय, बाल यौन दुर्व्यवहार, बाल विवाह, भेदभाव, बाल श्रम आदि से संबंधित शिकायत या समस्या दर्ज करवाई जा सकती है। इस मौके पर शिक्षक मनोज, नारायण सिंह, कीर्ति रामावत तथा ग्रामीण मुनादास वैष्णव, सोनू, देवीसिंह राजपुरोहित, धन्नाराम आदि उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478